हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 जुलाई 2024



B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# 13 में से नौ ठेकेदारों ने खड़े किए हाथ, महीनेभर में ही चखना दुकानें बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा मदिरा प्रेमियों के लिए सरकारी शराब दुकानों के सामने आहते शुरू किए जाने की प्लानिंग एक माह के भीतर ही दम तोड़ रही है। 13 चखना दुकानों का करीब चार करोड़ रुपए का ठेका लेने वाले ठेकेदार न तो लाईसेंस फीस जमा करा पा रहे हैं और न ही बैंक गारंटी। यही कारण है कि आबकारी महकमा 13 में से नौ दुकानों का ठेका निरस्त करते प्रतिभूति राशि जब्त कर ली है। वहीं ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड भी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में भाजपा की सरकार के काबिज होने के बाद मदिराप्रेमियों को शराब दुकानों में सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चखना दुकानों की नीलामी की गई थी। राजनांदगांव जिले में 16 में से 13 शराब दुकानों के सामने चखना दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया पिछले मई माह में पूरी की गई थी। नीलामी से आबकारी महकमे को करीब पौने चार करोड़ रुपए की आय हुई थी, लेकिन जिले में चखना दुकानें एक माह भी नहीं चल सकी और ठेकेदारों ने लाईसेंस और बैंक गारंटी जमा करने में हाथ खड़े कर दिए। यही कारण है कि आबकारी महकमे ने 13 में से नौ चखना दुकानों का लाईसेंस निरस्त कर दिया है। जिले में सिर्फ चार आहतों ही अब संचालित किए जा रहे हैं।

## राशि नहीं अदा करने वाले नौ ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड

### इनका लाईसेंस निरस्त

राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव स्थित देशी और विदेशी मदिरा दुकान, सोमनी विदेशी शराब दुकान, रेवाडीह बायपास देशी और विदेशी मदिरा दुकान, टेडेसरा और अर्जुनी देशी शराब दुकान, मंडी बायपास देशी मदिरा दुकान का लाईसेंस निरस्त करते हुए ठेकेदार की प्रतिभूति राशि जब्त कर ली गई है और उन्हें ब्लैक लिस्टेड कर दिय गया है।



### नया टेंडर ही विकल्प

चखना दुकानो की नीलामी प्रक्रिया को लेकर शुरू से ही ठेकेदारो ने रूचि नहीं दिखाई थी। यहीं कारण है कि हर दुकान के लिए सिंगल आवेदन ही आए थे। ऐसे में उन ठेकेदारो द्वारा चखना सेंटर संचालन छोड़ने के बाद विभाग के पास अब नया टेंडर करने का ही विकल्प शेष रह गया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि शीघ्र ही यह प्रक्रिया की जाएगी।

### नहीं मिला मुनाफा

जिले में संचालित शराब दुकानो के सामने पहले ही बड़ी संख्या में ठेले और खोमचे की आड़ में चखना दुकानें संचालित की जा रही है। लंबे समय से मदिराप्रेमियो द्वारा ही इन दुकानों से चखने की खरीदी की जाती रही है। यहीं कारण है कि भारी भरकम राशि की बोली लगाने के बाद ठेकेदारो को मुनाफा नजर नहीं आया।

### मांगा है मार्गदर्शन

राज्य शासन को पत्र लिखकर अहाते की पुनः नीलामी को लेकर मार्गदर्शन मांगा गया है।
- **यदूनंदन राठौर**, जिला आबकारी अधिकारी

---

## कर्ज लेने पहुंच रहे किसान, धान के लिए मिल रहा प्रति एकड़ 60 हजार

# वस्तु नहीं नकद कर्ज ले रहे किसान, खरीफ सीजन के लिए उठाया सवा 6 सौ करोड़ ऋण

*मानसून के एक्टिव होने के साथ ही किसानों ने खेतों में भी अपनी फसल की तैयारी शुरू कर दी है। खेतों की सफाई के बाद अब बोनी का दौर शुरू हो चुका है। ऐसे में खेती में लगने वाली रकम में आर्थिक सहायता के लिए बैंक से कर्ज भी लेने पहुंच रहे हैं। अब तक अविभाजित जिले के करीबन 1.28 लाख किसानों ने सवा छह सौ करोड़ रुपए का कर्ज उठा लिया है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हालांकि पिछले साल की तरह ही इस बार भी किसान वस्तु के मुकाबले नगद रकम कर्ज लेने पर अधिक जोर दे रहे हैं। आंकड़ों पर नजर डाले तो कुल कर्ज वितरण में वस्तु का हिस्सा केवल 25 फीसदी ही है। जबकि नियमानुसार 40 फीसदी वस्तु के लिए ही कर्ज देना है। पिछले साल भी नियम की अनदेखी करने के बाद प्रदेश स्तर से फटकार लगने के साथ ही जांच टीम भी आई थी। ऐसे में इस बार फिर किसानों को वस्तु की जगह नगद ऋण अधिक देना सवाल खड़े कर रहा है।

सहकारी क्षेत्र के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार किसान खरीफ फसलों की तैयारी में जुट गए हैं। 28 जून की स्थिति में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर और खैरागढ़ जिले के किसानों ने लगभग सवा छह सौ करोड़ रुपए का ऋण उठाया है। सहकारी सिस्टम से किसानों को देने के लिए खाद का भंडारण भी किया गया है। इसमें यूरिया, एपीके, एनपीके, सुपर फास्फेट और पोटाश खाद शामिल है। इसी तरह सहकारी क्षेत्र के लिए बीज का भंडारण भी किया गया है। राज्य में खरीफ सीजन में अधिकांशतः धान की खेती की जाती है, इसलिए सबसे अधिक भंडारण धान के बीज का किया गया है।




### पिछले साल से कम किसानों ने लिया कर्ज

अब तक अविभाजित राजनांदगांव जिले में कुल 129165 किसानों ने 633.92 करोड़ रुपए का कर्ज बैंक से लिया है। इनमें नगद और वस्तु दोनों के आंकड़े शामिल हैं। जबकि इसी अवधि में पिछले साल अविभाजित जिले के 136460 किसानों ने 673.84 करोड़ रुपए का कर्ज ले लिया था। इस बार अब तक राजनांदगांव जिले से 65480 किसानों ने 308.44 करोड़, मोहला-मानपुर जिले के 32690 किसानों ने 87.42 करोड़ रुपए एवं खैरागढ़ जिले के 30995 किसानों ने 238.06 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है।

### इस प्रकार मिलेगा ऋण

अलग-अलग फसल के लिए ऋण वितरण का दायरा तय किया गया है। सबसे अधिक खर्च धान सिंचित के लिए 60 हजार, धान असिंचित के लिए 45 हजार, कोदो 16 हजार, अरहर-तुअर 38 हजार, मूंग उड़द के लिए 27 हजार, मूंगफली के लिए 42 हजार, तिल 25 हजार, सोयाबीन 48 हजार, मक्का 45 हजार, रामतिल 28 हजार, ज्वार 20 हजार, कपास सिंचित के लिए 44 हजार, कपास असिंचित के लिए 36300, झुरगा 20350, टाऊ फाफर और रागी के लिए 15 हजार व कुटकी के लिए 17 हजार रुपए ऋण किसानों को प्रति एकड़ दिया जाएगा।

### केवल वनांचल में वस्तु की मांग

वस्तु के रूप में बैंक द्वारा किसानों को खाद-बीज ऋण के रूप में दिया जाता है। नियम के अनुसार सभी किसानों को कुल कर्ज का 60% नगद और 40% वस्तु ही देना है, लेकिन जिले में नियमों की अनदेखी कर कर्ज वितरण कर दिया जा रहा है। केवल वनांचल जिला मोहला-मानपुर में किसानों को कुल कर्ज वितरण में 46% वस्तु दिया गया है। वहीं राजनांदगांव जिले में महज 28% और खैरागढ़ जिले में सबसे कम सिर्फ 22% ही कर्ज वस्तु के रूप में किसानों ने लिया है।

### मूसलाधार बारिश का इंतजार, बोनी अटकी

भले ही अंचल में मानसून ने 18 जून को दस्तक दे दी है, लेकिन उसके बाद से ही अब तक मूसलाधार बारिश देखने को नहीं मिली है। जून के बारिश के आंकड़े भी कोटे से काफी पीछे चल रहे हैं। यही कारण है कि बारिश के इंतजार में अंचल में बोनी प्रक्रिया अटक गई है। मिली जानकारी के अनुसार महज 7 से 10 फीसदी किसानों ने ही अब तक बोनी की है। हालांकि बड़ी संख्या में किसानों ने बोनी की तैयारी कर ली है और अच्छी बारिश होते ही वे बोनी में जुट जाएंगे।

---

## दो सालों की फसल बीमा राशि जारी

# जिले के 25 हजार किसानों को मिलेगा 26 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौसम की मार की वजह से फसल खराब होने का दंश झेलने वाले किसानों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्र सरकार ने पिछले दो सालों का फसल बीमा जारी कर दिया है। जिसके चलते जिले के करीबन 25 हजार किसानों को 26 करोड़ रुपए की बीमा राशि का लाभ मिलने वाला है। केंद्र की तरफ से राशि जारी कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि जिला राजनांदगांव में फसलों को नुकसान होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानानुसार कृषकों को फसल उत्पादन मौसम प्रतिकूलताओं के कारण नुकसान, स्थानीय आपदाओं के कारण क्षति की स्थिति में कृषकों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है।

इस योजना के तहत शासन द्वारा कृषकों की फसल खराब होने पर उन्हें बीमा आवरण प्रदान किया जाता है। कृषकों की आय को स्थिर एवं उनकी खेती में निरंतरता सुनिश्चित हो सके।



### ब्लॉकवार इतने ग्राम

तहसील-राजनांदगांव में 22, डोंगरगांव में 03, डोंगरगढ़ में 06 और छुरिया में 61 ग्राम। ऐसे ही वर्ष 2023-24 के फसल बीमा के लिए जिले के तहसील राजनांदगांव में 54, घुमका में 30, डोंगरगांव में 11, डोंगरगढ़ में 24, लाल बहादुर नगर 21, कुमरदा में 02 और छुरिया में 43 ग्राम के किसानों को बीमा का लाभ दिया गया है।

### दो सौ से अधिक ग्राम शामिल

जिला राजनांदगांव में भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2023 में 92 ग्रामों में कुल 9,919 कृषकों को उपज आधारित दावा भुगतान राशि रुपए 12,62,06,506 की राशि जारी की जा चुकी है एवं रबी 2023-24 में 185 ग्रामों में कुल 16,403 कृषकों को उपज आधारित दावा भुगतान राशि रुपए 13,88,95,364 की राशि जारी की जा चुकी है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि समय पर भुगतान होने से कृषकों को आगामी खरीफ 2024 हेतु आदान सामग्री बीज, उर्वरक, पौध संरक्षण औषधि एवं अन्य कृषि क्रियाएं करने हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। जिससे कृषकों में हर्ष व्याप्त है। इस योजना के तहत शासन द्वारा कृषकों को फसलों के नुकसान पर अलग-अलग धन राशि प्रदान की जाती है।

---

# रेत कांड पर सरकार नाराज हटाए गए डोंगरगढ़ एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेत कांड पर जिलेभर में मचे सियासी बवाल के बीच राज्य सरकार ने आज एक्शन लेते हुए डोंगरगढ़ के एसडीएम एवं संयुक्त कलेक्टर उमेश कुमार पटेल को हटाने के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्हें मंत्रालय में अवर सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है। ऐसी चर्चा है कि रेत कांड के मामले को लेकर राज्य सरकार ने काफी नाराजगी भी जाहिर की है।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ के मुड़पार, जामरी और पारागांव में किसानों द्वारा डंप की गई हजारों घनमीटर रेत की एसडीएम उमेश पटेल ने बिना नीलामी के ही जब्त


रेत कांड खुलासे के बाद 59 हाईवा की रायल्टी के तौर पर जमा कराया डेढ़ लाख रुपए
हटाने के आदेश पर बेच दी रेत, सप्लायर से प्रति हाईवा वसूला सिर्फ 2000 रूपए!

कर लिया था। जब्ती के बाद इसे खनिज महकमे के सुपुर्द किए जाने की बजाए बिना नीलामी के ही सप्लायरों को बेच दिया गया। मामले के सामने आने के बाद कांग्रेस ने इस आशय की शिकायत भी की थी। प्रशासन ने अपनी जांच में एसडीएम

⏩ शेष पेज 12 पर

### वर्मा डोंगरगढ़ के नए एसडीएम

राज्य सरकार के आदेश के पहले आज सुबह कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी एक आदेश जारी कर डोंगरगढ़ एसडीएम उमेश पटेल को हटाकर संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा को डोंगरगढ़ एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी थी। इस आदेश में श्री पटेल को कलेक्टोरेट में पदस्थ किया गया था।

### विस में होगी रेत कांड की गूंज

बिना नीलामी के ही रेत की नीलामी किए जाने से शासन को राजस्व का नुकसान हुआ है। प्रशासन द्वारा की गई जांच में एसडीएम को क्लीनचिट दिए जाने से कांग्रेस नेता अच्छे खासे नाराज बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि कांग्रेस विधायक इस मामले को विधानसभा के मानसून सत्र में जोर शोर से उठाने की तैयारी कर रहे हैं।

---

# सेतु निगम दफ्तर में महिला ने की आत्महत्या की कोशिश

**राजनांदगांव।** शहर के मोतीपुर निवासी एक महिला द्वारा शासकीय दफ्तर में फिनाईल पीकर अस्पताल में भर्ती होने का मामला सामने है। पीड़िता के पति ने कोतवाली थाना पहुंचकर आवेदन के माध्यम से मामले की शिकायत की है।

सेतु निगम के एसडीओ यूए फारूकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने कोतवाली थाना पहुंचे नितिन कुमार वर्मा ने कहा कि वह लगभग 2 वर्षों से सेतु निगम में कार्यरत है, लेकिन उसे अधिकारी फारूकी द्वारा 15 दिन के लिए नौकरी में लगाया गया था, कहकर काम से निकाल दिया गया है। उसने कहा कि अधिकारी द्वारा उस पर कार्यालय शराब पीकर आने और दादागिरी करने का आरोप लगाया जाता है। काम से निकाले जाने के बाद आज सुबह उसकी पत्नी लता वर्मा अधिकारी के पास नौकरी से नहीं निकलने की फरियाद लेकर पहुंची थी। इस दौरान उसने वहां फिनाईल पी ली। नितिन वर्मा ने कहा कि उसे सुबह लगभग 10 बजे फोन आया कि तुम्हारी पत्नी यहां माफी मांगने आई थी और उसने फिनाईल का सेवन कर लिया है। जिसके बाद उसे कोतवाली पुलिस की मदद से पेन्ड्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में यूए फारूकी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया है। बहरहाल शिकायत के बाद पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। इधर कोतवाली पुलिस ने बताया कि महिला के खिलाफ सेतु निगम ने भी शासकीय काम में बाधा डालने की शिकायत की है।

---

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के मुताबिक साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 14 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 फरवरी को सुबह 8 से 11 बजे के मध्य उसकी नाबालिग लड़की उम्र 16 वर्ष 11 माह घर से कहीं चली गई है, जो घर वापस नहीं आई है। संदेश है कि उसकी लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगाकर कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर थाना साल्हेवारा में धारा 363 भादस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

**बस से बुलाकर गांव ले गया था**

**आरोपी :** पुलिस द्वारा इस मामले में वरिष्ठ अधिकारी के मार्गदर्शन में नाबालिग अपहता की लगातार पतासाजी किया जा रहा था। विवेचना के दौरान अवयस्क पीड़िता को बरामद किया गया है। पश्चात बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से बयान कराया गया। अवयस्क बालिका के अनुसार दिनांक घटना समय को आरोपी शिवा निर्मलकर द्वारा पीड़िता को शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अकेले बस से पंडरिया कबीरधाम बुलाकर पंडरिया से अपने घर कांपादह ले जाकर करीब दो माह तक रखकर दुष्कर्म करने की पुष्टि होने पर मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

### तेलंगाना से आरोपी गिरफ्तार

विवेचना के दौरान फरार आरोपी शिवा निर्मलकर की पतासाजी हेतु टीम बनाकर दीगर राज्य तेलंगाना भेजी गई। आरोपी शिवा निर्मलकर को तेलंगाना से हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया गया, जिस पर आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी शिवा निर्मलकर 19 वर्ष निवासी कांपादह थाना पंडरिया जिला कबीरधाम के विरुद्ध अपराध साक्ष्य पाए जाने से 1 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार किया गया है, जिसे 2 जुलाई को माननीय अपर सत्र न्यायालय खैरागढ़ में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

---

## विस अध्यक्ष सिंह ने त्रिनेत्र योजना अंतर्गत सीसीटीवी कैमरों का किया शुभारंभ

# 385 सीसीटीवी कैमरे की नजर में रहेगी संस्कारधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज रामकृष्ण नगर चौक पर त्रिनेत्र योजना अंतर्गत सीसीटीवी कैमरों का शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने राजनांदगांव शहर के चौक-चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जानकारी दी और भविष्य में अन्य स्थानों पर लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों के बारे में भी बताया।

उल्लेखनीय है कि त्रिनेत्र योजना के तहत जनसहभागिता के सहयोग से शहर को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जा रहा है, ताकि राजनांदगांव शहर में अपराधियों पर नकेल कसा जा सके। क्राइम करने वाले लोगों में अपराध करने से पहले डर हो कि उनकी सारी गतिविधियां कैमरे में रिकॉर्ड हो रही है। असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना पर काबू पाने ये सीसीटीवी कैमरे कारगर साबित होंगे। शहर की सुरक्षा के लिए जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके लिए शहर के व्यापारी वर्ग, समाजसेवी, चेम्बर ऑफ कामर्स, समाज प्रमुख सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने सहयोग किया है।



### जनसहयोग से लगेंगे कैमरे

त्रिनेत्र योजना जनसहयोग से जनता की सुरक्षा व अपराधों की रोकथाम व अपराधों को पकड़ने, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए एक सकारात्मक पहल है। त्रिनेत्र ऐसा प्रोजेक्ट है, जो बिना किसी शासकीय मद के केवल जनसहयोग से शहर में लगभग एक करोड़ की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का प्रस्ताव है। इस योजना के प्रथम चरण में राजनांदगांव के शहरी क्षेत्रों मे कैमरे लगाए जा रहे हैं। द्वितीय चरण में जिले के अन्य ब्लॉक व ग्रामों में कैमरे लगाए जाने की योजना है।

### आपराधिक गतिविधियों को जांच करने में मिलेगी मदद

शहर के चौक-चौराहों, आने-जाने वाले रास्तों, मेन मार्केट एरिया, कॉलोनियों, गली-मोहल्लों सहित अन्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और किसी घटना के लिए प्रमाण के रूप में उपयोगी होंगे। इन सीसीटीवी कैमरों से पूरे शहर की 24 घंटे मॉनिटरिंग होती रहेगी। अपराधी और शरारती तत्वों पर भी इन कैमरों से नजर रखी जाएगी। जिससे आपराधिक गतिविधियों को जांच करने में मदद मिलेगी।

### मार्डन इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम की स्थापना

इस योजना के तहत शहर में 385 नग नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिसमें अत्याधुनिक एएनपीआर कैमरा 25 नग, व्हेरीफोकल कैमरा 300 नग, पीटी जेड कैमरा 10 नग एवं 80/50 मीटर फोकस कैमरा 50 नग लगाना तय किया गया है। शहर में पूर्व से जनसहयोग एवं शासकीय मद से लगे 152 नग कैमरे लगाए गए थे। जिससे नगरवासियों एवं पुलिस को कई बड़े अपराध डिटेक्ट करने में सफलता मिली है, जिन्हें अपडेट किया जाएगा। वर्तमान पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित नवीन कट्रोल रूम बिल्डिंग में मॉर्डन इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है, जहां कस्टमाईजड विडियो वॉल डिसप्ले लगया जा रहा है। सीसीटीवी कंट्रोल रूम में स्थापित नवीन सर्वर में 1000 कैमरा जोड़ने की क्षमता होगी। त्रिनेत्र योजना में प्रथम सूचना पत्र (एफआईआर) दर्ज होने पर या संबंधित थाना से अनुमति मिलने के बाद ही आम जनता को फुटेज दिखाया जाएगा। जिसकी कंट्रोल रजिस्टर में विस्तृत, तिथि, समय, मोबाईल नंबर का संधारण किया जाएगा।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS),
FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### संपूर्णता अभियान का शुभारंभ आज

**मोहला।** नीति आयोग द्वारा चिन्हाकित आकांक्षी जिला- ब्लाक अंतर्गत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ कल गुरुवार को अंबागढ़ चौकी ब्लॉक मुख्यालय में किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण तैयारी की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8:30 बजे होगा। इस दौरान मैराथन रैली आयोजित किया गया है। इस दौरान विभागीय स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दिया जाएगा।

### जोब स्कूल में शिक्षकों की कमी




**टाटेकसा।** ग्राम जोब के स्कूल में लंबे समय से शिक्षकों की कमी बनी हुई है। यहां करीब 80 बच्चे हैं किन्तु स्कूल कभी एक तो कभी दो शिक्षक के भरोसे चलता है। एक शिक्षक के संकुल समन्वयक होने से अध्यापन कार्य खासा प्रभावित होता है। मंगलवार को ग्राम के देव उईके, मुकेश मंडावी, दिनेश कुमार ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर शिक्षकों की कमी दूर करने आवेदन दिया। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि जल्द शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी।

### चाय दुकान की आड़ में शराब बेच रही महिला गिरफ्तार

**ठेलकाडीह।** शराब कोचियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गत दिनों चाय दुकान की आड़ में शराब बेचने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया। ठेलकाडीह के टीआई अम्बरीश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने पदुमतरा में चाय दुकान में दबिश देकर विभिन्न ब्रांड के शराब बरामद किया। पुलिस ने आरोपी महिला प्रभाबाई साहू पति स्व रूपलाल साहू के कब्जे से 93 पौवा शराब और बिक्री की रकम 27 सौ रूपए जप्त किया। आरोपी महिला को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### प्यासे खेतों को बारिश का इंतजार



**सड़क अतरिया।** खरीफ फसल बोआई की शुरूवात में ही बारिश नही होने से किसानों की परेशानी बढते जा रही है। पखवाड़े भर पहले बारिश होने के बाद किसानों ने फसल बोआई शुरु कर दिया था। बोआई के बाद बारिश नही होने से बीज अंकुरित नहीं हो रहे हैं। किसानों ने बताया की अगर एक दो दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुआ तो दोबारा बोआई करना पड़ सकता है। इधर मौसम विभाग के अनुसार अगले दो तीन दिनों तक बारिश होने के आसार नहीं है।

### शराब की तस्करी पर अंकुश नहीं

**डोंगरगढ़।** महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से शराब लाकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कोचियों द्वारा बेचा जा रहा है। वहीं शासकीय शराब दुकान से भी गांव गांव में शराब की सप्लाई हो रही है। जानकारी के अनुसार सरकारी दुकान में 90 रूपए में बिकने वाली देशी षराब को 100 रूपए में कोचियों के घर तक पहुंचाकर दिया जा रहा है। महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश की देशी शराब को तस्कर 80 से 85 रूपए में खपा रहे है। कोचिया कीमत से 20 रूपए अधिक लेकर बेच रहे हैं जबकि अन्य राज्य की शराब बेचने पर 30 से 40 रूपये तक प्रति पौवा बच रहा है। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शराब के अवैध कारोबार से शहर के बिगडते माहौल को देखते हुए अधिकारियों से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि विधानसभा में मामला उठाने के बाद भी शराब का कारोबार तेजी से फल- फूल रहा है।









### जिलेभर में सघन पौधारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण में लोगों ने दिया योगदान

# धरा को हराभरा करने लोगों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बिगड़ते पर्यावरण को संतुलित करने के उद्देश्य से कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश और एससडीएम मनोज मरकाम के मार्गदर्शन में बुनियादी प्रशिक्षण संस्था में बुधवार को करीब 300 पौधे लगाए गए। आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न हिस्सों में करीब 4000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि बीते कुछ सालों में पेड़ो की संख्या में कमी आने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ने के बाद साल दर साल बारिश कम और गर्मी बढ़ रही है। गर्मी ने इस साल पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिया था और पारा 47 डिग्री के आसपास पहुंच गया था। भीषण गर्मी के बाद अधिक से अधिक पौधे लगाने की बात उठने लगी थी। इसी भावना को ध्यान मे रखते हुए एसडीएम श्री मरकाम ने शहर सीमा क्षेत्र में जन सहयोग से सघन पौधे लगाने का प्लान तैयार किया। योजना के तहत बुधवार को बीटीआई परिसर से पौधेरोपण अभियान की शुरुवात की गई।

### छात्रों ने संभाला जिम्मेदारी

स्थानीय बीटीआई के द्वितीय वर्ष के करीब 100 छात्र अध्यापकों ने मैदान के चारो तरफ विभिन्न प्रजातियों के करीब 300 पौधे लगाए। इन छात्र अध्यापकों ने देखरेख करने के साथ पानी डालने का भी निश्चय लिया है। अभियान में प्राचार्य श्री देशलहरा, रामकुमार ठाकुर, देवेश जैन, श्रीमती वैष्णव के अलावा छात्र अध्यापक लुकेश साहू, आशीष साहू, कमल साहू, कुंदनलाल, अंगेश्वरी राणा, देवेन्द्र धनकर, जया साहू, पूर्णानंद, मोनिका, घ्रामेन्द्र कुमार, खुमेश कुमार, जगतूराम, चिन्मय ठाकुर, लुभाष, डोमेन्द्र, खिलेश्वर सिरमौर, राहुल साहू, नोहर तारम, वासु साहू, आदि शामिल हुए।

### जनप्रतिनिधियों ने रोप पौधे

शहर में हरियाली बिखरने शुरू किए गए अभियान में अपना योगदान देते हुए जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामकिशन महेश्वरी, भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गपता, नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद, उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, डिकेश साहू, पुष्पदेवी यदु, कौशिल्या साहू, अरुणा देवांगन, एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार पीएल नाग, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, सीएमओ डीएस पाल, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ रश्मि ठाकुर, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य जयंत साहू,थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह, राजा जैन, दीपक देवांगन, सतीश पांडे आदि ने पौधे लगाए।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीजाभांठा में जिला साहू संघ राजनांदगांव के उपाध्यक्ष महेश्वर साहू, उपसरपंच अशोक साहू के आतिथ्य में पौधारोपण किया गया।इस अवसर पर प्रधानपाठक व्हीडी साहू , एस तिवारी, श्रीमती एस बंधे, श्रीमती एम रत्नाकर सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### करमरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान

**खुज्जी।** प्रधानमंत्री के आव्हान पर करमरी उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में वन महोत्सव का आयोजन कर पौधरोपण किया गया। शाला परिसर में नीम, बादाम, काजू, कदम, गुलमोहर सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू थी। इस मौके पर जनपद सदस्य किसुन साहू, भूपेंद्र नायक, गीताबाई, दीनदयाल साहू, लक्ष्मण साहू, प्रेमलाल देवांगन, डीपी सिप्पी आदि उपस्थित थे। इस मौके पर श्रीमती साहू ने कहा कि वृक्षों से शुद्ध हवा मिलती है। वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं किया जा सकता है इसलिए सभी को एक पौधा लगाना चाहिए। वन परिक्षेत्र अधिकारी चन्द्रशेखर भंडारी ने भी संबोधित किया। इस दौरान घनश्याम चंद्राकर, मुक्तेश्वर वर्मा, रवि सोनी, अन्नपूर्णा साहू, कमलेश जांगड़े, उदित श्रीवास्तव, देवेंद्र सलामे, दिलीप देवांगन, ममता भैंसवारे, अमरलाल सुधाकर, अविनाश साहू सहित अन्य मौजूद थे।




### विद्यालय परिसर में लगाएं पौधे

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला उरईडबरी में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर आंवला, जामुन, नीम, करण, गुलमोहर आदि के पौधे लगाएं गए। इस मौके पर पंचायत सचिव केशवराम नेताम, पदमा चंद्रवंशी, राजकुमार चंद्रवंशी, गिरवर चंद्रवंशी, योगीलाल वर्मा, प्यारीलाल साहू, रोजगार सहायक नंदकुमार बंजारे ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आव्हान किया। इस अवसर पर गोपीचंद मानिकपुरी, डेरहिनबाई साहू, तिजियाबाई, धनकुंवरबाई, पुसऊराम, मनोहर, खेमिनबाई, सकीना, अगसियाबाई, प्रेमबाई, राजकुमारी, जामवंत वर्मा, दीपक टंडन, नारद सोनवानी, रूपेश कुमार, गोपी मौजूद थे।

### सोसायटी में रोपा गया पौधा

**सड़क अतरिया।** सेवा सहकारी समिति कुकुरमुड़ा अतरिया में बुधवार को धान खरीदी केन्द्र परिसर में फल एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर सदस्यों ने पर्यावरण के महत्व को समझते हुए सुरक्षा करने का वचन लिया। इस दौरान रोहित साहू, चंद्रेश वर्मा, बलदेव मरकाम, संतराम यदु, मनोज जंघेल, रामावतार साहू, यशपाल सोरी, आनंद राम, कुल्लु, आदित्य वैष्णव, उमंग आदि उपस्थित थे।





**मुरमुंदा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुंदा में बुधवार को पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम उमेश पटेल, विजय साहू, मुकेश ठाकुर, श्री मेधा जैन नायब तहसीलदार, सीईओ दिव्या ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी विजय प्रताप सिंग, प्रवीण गड़पायले, सरपंच खेमचंद सोरी, ओमप्रकाश साहू, प्राचार्य अजित साखरे, विनित श्रीवास्तव, कल्पना गणवीर, ज्योति मेश्राम, सुनीता चंद्राकर, गीतांजली बोडखे, मेधा पुराणिक, परिणीता सिंह, वंदना मुदलियार,भूपेंद्र तोड़े उपस्थित थे।

### बजरंगपुर स्कूल में वृक्षारोपण

**चिचोला।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बजरंगपुर में बुधवार को वृहद पौघरोपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत बच्चों ने गुलमोहर, अमरूद, काजू, मुनगा, आँवला, करण आदि के पौधे लगाकर सुरक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, प्रभारी प्रधानपाठक हुमनसिंह पिस्दा, गजेंद्र चौधरी, कांति साहू, रामनारायण साहू, शकुन चन्द्रवंशी, अरद चंद्रवंशी, फुलिया यादव, अमरिका चंद्रवंशी उपस्थित थे।

### सुरक्षा का लिया संकल्प

**घुमका।** शासन के आदेश अनुसार शासकीय संस्थाओं में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के तहत धान उपार्जन केंद्र, पंचायत परिसर, पशु चिकित्सालय, आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी मीडियम स्कूल, महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में नीम, करंज, आंवला, शीशम आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर तहसीलदार सोनित मेरिया, जनपद सदस्य दिलीप पटेल, सरपंच फूलमती वर्मा, गजेंद्र भारद्वाज, राजकुमार संघारे, योगिता चंदेल, डाली दुबे, हिंसाराम वर्मा, मनोज कारिया, माधवेंद्र वर्मा आदि ने पौध रोपण किया। इसी प्रकार आत्मानंद स्कूल मैदान में भी पौध रोपण किया गया।

# राहुल गांधी का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोकसभा में राहुल गांधी के दिए बयान पर बवाल मच गया है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने श्री हनुमान चौक में पुतला दहन कर विरोध जताया। नगर के धार्मिक संगठन व राजनीतिक दल ने रैली निकाल कर प्रदर्शन किया।

बजरंग दल जिला सह संयोजक हनी गुप्ता ने कहा कि अमर्यादित बयान के लिए राहुल गांधी को हिन्दू समाज से माफी मांगना चाहिए। इस दौरान विश्वनाथ यादव, करनैल भाटिया, विनीत यादव, विजेंदर ठाकुर, सतेंद्र बिसेन, बाल मुकुंद तराने, ऋषभ डकहा, मनीष समुन्द्रे, अतुल बिरहा, अमन नामदेव, कुश मालेकर, अनुज शर्मा, जय टम्टा, आकाश ठाकुर, हिमांशु गुप्ता, पुष्प तराने, वंश शर्मा, अभय डकहा, जयंत साहू, आदित्य मिश्रा, सत्यम यादव, गणेश साहू, जय साहू, डिम्पी, सोमेंद्र, गजेंद्र, बंडू निगम आदि उपस्थित थे।



### हिन्दू विरोधी बयान की निंदा



**छुईखदान।** नगर के जयस्तंभ चौक में मंडल भाजयुमो ने संसद में राहुल गांधी के हिंदू विरोधी भाषण का विरोध करते हुए पुतला दहन किया। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल हिंदू विरोधी भाषण बाजी कर एक विशेष समुदाय को संरक्षण दे रहे हैं जो शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि सदन में नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज और हिंदुओं को हिंसक कहना निंदनीय है। मोर्चा कार्यकर्ता ने इस भाषण की कड़ी निंदा किया है। इस दौरान युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जन सामान्य को दी नए कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

एक जुलाई से लागू तीन नए कानून के स्वागत के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने संगोष्ठी का आयोजन किया । जनप्रतिनिधि, राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उपर मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नए कानून की जानकारी दी गई। एसडीओपी आशीष कुंजाम एवं थाना प्रभारी सीआर चंद्रा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रकाश चौरड़िया, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, संतु राव अन्ना, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार विजय साहू, मेघा जैन, हरिश भंडारी शामिल हुए। एसडीओपी श्री कुंजाम एवं थाना प्रभारी श्री चंद्रा ने न्याय संहिता सहित अन्य नियमों की जानकारी विस्तार से दी। इस मौके पर पूर्व विधायक श्री खांडेकर ने बताया कि नए कानून से जनता को समय पर न्याय मिलेगा। समय सीमा पर विवेचना के साथ न्यायालय में फैसला भी होगा।



## कॉलेज भवन के लिए राशि स्वीकृत

**ठेलकाडीह।** स्थानीय महाविद्यालय वर्ष 2016-17 से हाईस्कूल भवन मे संचालित किया जा रहा था जिससे छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित अन्य नेताओं को छात्रों की समस्या से अवगत कराया गया था जिसे गंभीरता से लेकर स्वीकृति का प्रयास किया गया। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने ठेलकाडीह महाविद्यालय भवन के लिए 79 करोड़ 19 लाख की स्वीकृति प्रदान किया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### मुनिसंघ का पहले जैन तीर्थ चन्द्रगिरि में मंगल प्रवेश

# तीर्थ वंदना करने से कटते हैं सारे पाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़


समाधिस्थ 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य 108 मुनि आगम सागर, मुनि श्री पुनीत सागर महाराज एवं एलक श्री धैर्य सागर महाराज का मंगल प्रवेश 2 जुलाई को गाजे- बाजे के साथ चन्द्रगिरि तीर्थ में हुआ। इस दौरान मुनि श्री आगम सागर ने कहा कि शिखर जी तीर्थ की वंदना करने से करोड़ों उपवास का फल मिलता है ठीक इसी प्रकार आचार्यश्री की समाधि की वंदना करने से पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि मुनिसंघ करीब 450 किलोमीटर की पदयात्रा कर आचार्य श्री की समाधि के दर्शनार्थ पहुंचा है। लंबे सफर के बाद भी किसी भी साधु के पैर में न तो छाले पड़े, न छिले और न कोई अन्य तकलीफ हुई जो गुरु जी के आशीर्वाद का परिणाम है।



### हिंसा से बचे

मुनि श्री पुनीत सागर महाराज ने मेडिकल स्टोर्स संचालकों एवं डॉक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि नशीली दवा एवं गर्भपात की दवाई के सेवन से होने वाली हिंसा से बचना चाहिए। सभी ने अपनी सहमती देकर संकल्प लिया कि नशीली दवाई एवं गर्भपात की दवाई के विक्रय से होने वाली हिंसा से बचने के लिये प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि जिस किसी को कोई समस्या हो तो आचार्य श्री की समाधी स्थल चले जाए तो उसकी समस्या का हल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से गुरु जी की समाधी स्थल तक पैदल जाना अतिशयकारी होता है।



## खबर संक्षेप



### विधायक ने किया वार्ड भ्रमण

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शानिवार को वार्ड 1 का भ्रमण कर समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान वार्डवासियों ने विधायक को पानी, नाली, सड़क सहित अन्य समस्या की जानकारी दी। विधायक श्रीमती बघेल ने वार्डवासियों की समस्या के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान,शिव निषाद, जितेन्द्र सिंग भाटिया, किरण मेश्राम, दुलीचंद बड़ोले, गनपत रजक, रेखा खोब्रागढे, संजीव गुप्ता, नरेश करसे, तरुण फुले, कृष्णा गुप्ता, कृष्णा लिल्हारे, पप्पू इंदुरकर, भाऊदास मेश्राम, रितेश, मधु श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शाला में प्रवेश



**ठेलकाडीह।** ग्राम पंचायत भैसातरा में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ शिक्षा ग्रहण करने से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को साइकिल प्रदान किया। इस मौके पर शिव साहू, अनीश वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, टेकसिंह वर्मा, खेलन वर्मा, घनश्याम मांडवी, अशोक शाह, काजल जैन, कुंभलाल वर्मा, कैलाश शर्मा, दानी वर्मा, बद्री ठाकुर, दऊवा वर्मा आदि उपस्थित थे।

### इको क्लब का गठन



**घुमका।** शहीद ग्राम मुरमुंदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। प्रभारी प्राचार्य कोकिलादेवी सोनी ने बताया कि इस मौके पर यूथ एंड इको क्लब का गठन किया गया है। क्लब अध्यक्ष प्राचार्य रीता शर्मा एवं प्रभारी प्राचार्य कोकिला सोनी को बनाया गया है। क्लब अंतर्गत पांच दलों का गठन करते हुए उन्हे नीलगिरी, पीपल, अशोक, नीम, आँवला नाम दिया गया है। दल नायक शशि वर्मा को बनाया गया है। इको क्लब ने शनिवार को 50 पौधे का रोपण किया। इसी क्रम में 2 जुलाई को कक्षा नवमी की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित किया गया। इस अवसर पर ईश्वर वर्मा, हेमंत वर्मा, केवल वर्मा आदि उपस्थित थे।

## राशन दुकानों में उपभोक्ताओं की संख्या अधिक, लगती है लंबी कतार

# शहर में खुलेंगी चार नई सरकारी राशन दुकानें, भीड़ से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहरी क्षेत्र में राशनकार्ड धारियों की संख्या को देखते हुए चार नई दुकानों के लिए आवेदन 20 जुलाई तक किया जा सकता है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के अनुमोदन बाद नपा क्षेत्र के अमलीपारा, दाऊचौरा, तुरकारी पारा और गोकुल नगर वार्ड में नई दुकान खोलने का निर्णय लिया गया है जिसके लिए 20 जुलाई तक इच्छुक लोगों से आवेदन करने कहा गया है।

गौरतलब है कि नपा क्षेत्र मे वर्तमान मे सात हजार से उपर अलग-अलग रंग के राशनकार्ड धारियों को छै दुकानों से राशन वितरित किया जाता था जहॉ एक समय राशन लेने लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता था।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित करने के इच्छुक जिले के नगरीय क्षेत्र में स्थित स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व. सहायता, समूह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विर्निष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समितियां निर्धारित अवधि में आवश्यक दस्तावजों के साथ निर्धारित प्रारूप में कलेक्टोरेट खाद्य शाखा में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### डिस्ट्रिक टॉस्क फोर्स कमेटी की बैठक, स्टॉप डायरिया कैंपेन पर चर्चा

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आयोजित की गई। 1 जुलाई से 31 अगस्त 24 तक स्टॉप डायरिया कैंपेन मनाने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को डायरिया के रोकथाम को लेकर ग्राम पंचायत, स्कूल, आंगनबाडी में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, व्यक्तिगत स्वच्छता व पर्यावरणीय अनुकूलता पर विशेष जागरूकता लाने निर्देश दिया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विद्या श्रीधरण ने दो महीने तक चलने वाले कैंपेन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पांच साल से कम आयु वर्ग के बच्चों में दस्त के कारण मृत्यु की संख्या को शून्य करने, घरेलू स्तर पर ओआरएस के उपयोग में सुधार लाने सहित दस्त प्रबंधन में ओआरएस और जिंक की गोलियों का उपयोग करने की विधि स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बताई जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, सीएचएमओ डॉ गणेश दास वैष्णव, छुईखदान एसडीएम रेणुका रात्रे, डीईओ लालजी द्विवेदी, जनपद सीईओ शिशिर शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### ओडीएफ प्लस मॉडल को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

ओडीएफ प्लस मॉडल के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टोरेट में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया जहॉ स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक द्वारा इसके क्रियांवयन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। परियोजना निर्देशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन प्रेम कुमार पटेल ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय से कार्य करते हुए स्कूल स्तर पर बच्चों का इको क्लब और स्वच्छता क्लब बनाने के साथ प्रत्येक स्कूल में एक नोडल स्वच्छता शिक्षक का दायित्व देने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। उन्होंने स्वच्छता पर विद्यार्थियों के बीच सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता शुरू करने कहा ताकि स्वच्छता का ज्ञान अर्जित हो। सभी ग्राम के स्कूल, आंगनवाड़ी, पंचायत भवन मे स्वच्छता बनाये रखना है, दिसम्बर 24 तक सभी जिले के सभी ग्राम को ओडीएफ प्लस करना है। बैठक में डीईओ लालजी द्विवेदी, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ, विकास विस्तार अधिकारी, विकासखंड परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम, खंड व संकुल समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन उपस्थित थे।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में चिन्हांकित हुए ब्लैक स्पॉट

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के साथ ही सभी आवश्यक उपाय करने चर्चा की गई। जिसके तहत गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना गंडई के खान पेट्रोल पम्प, हनईबन, बिजली ऑफिस के पास, थाना साल्हेवारा के ग्राम भाजीडोंगरी पुल के पास जगह को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित किया गया है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सड़क किनारे लगे पेड़ों पर रेडियम लगाने, मुख्य मार्ग से अवैध ठेला गुमटी हटाने, दुपहिया वाहन मे हेलमेट व चारपहिया मे सीट बेल्ट लगाने, आवारा पशुओ को रोड से हटाने, शहर अंदर पार्किंग व्यवस्था के दुरस्त करने का निर्देश दिया वही यातायात नियमों का पालन न करने पर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने, विचलित करने वाली होर्डिंग हटाने, स्कूली बसों की सम्पूर्ण दस्तावेज जांच करने, परिवहन प्रदूषण जांच, सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की मदद के लिए सुरक्षा मितान, शहरों में सीसीटीवी कैमरा, रेडियम पट्टी, रोड चौड़ीकरण सहित अतिक्रमण हटाने कहा। उन्होंने जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने शहरों के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध करने जैसी अनेक योजना तैयार कर समुचित उपाय सुनिश्चित करने कहा। लोगों में यातायात नियमों के पालन को लेकर अभियान चलाकर जनजागरूकता लाने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, एएसपी प्रदीप येरेवार सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी मौजूद थे।

# प्रत्येक शनिवार को गांवों में स्वच्छता जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- सभी गांव को अगस्त माह तक ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किए जाने की चल रही तैयारी

जिले की सभी ग्रामों को माह अगस्त 2024 तक ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने संबंधित अधिकारियों को इस लक्ष्य को प्राप्त करने और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन के निर्देश दिए है।

उन्होंने स्वच्छता अभियान ग्राम स्तर पर ग्रामीणों को स्वच्छता, ओडीएफ प्लस मॉडल, स्थायित्व, सोख्ता गड्डा के महत्व, दूषित जल से होने वाली हानियों, कचरें का समुचित निपटान, नारा लेखन, स्वच्छता रैली, स्कूलों की साफ-सफाई सहित अन्य स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता दिवस का आयोजन करने कहा है।

### किया जाएगा जागरुक

ग्रामों में स्वच्छता जागरूकता अभियान अंतर्गत प्रत्येक घर एवं दुकानों से गिला एवं सूखा कचरा संग्रहणकर्ता स्वच्छता दीदीयों को दिए जाने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने, ग्राम और उसके आसपास के क्षेत्रों में संचालित गुमटी, ठेला, होटल, ढ़ाबा एवं समस्त दुकानों में डस्टबिन रखने हेतु दुकान संचालकों को जागरूक करने, ग्राम स्तर पर श्रमदान सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन तालाब, बाजार, रोड किनारे, बस स्टैण्ड, धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल के पास साफ-सफाई करने, स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाने, जागरूकता रैली निकालने, बच्चों के माध्यम से स्वच्छता प्रश्नोत्तरी, वाद-प्रतिवाद प्रतियोगिता अन्य स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन करने, ग्राम की साफ-सफाई में जन प्रतिनिधियों, महिला समूह के सदस्यों, ग्रामीणों एवं लाईन डिपार्टमेंट के कर्मचारियों को स्वच्छता अभियान में सम्मलित करना एवं उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, ग्राम स्तर पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित करने, स्वच्छता के क्षेत्र में ग्राम स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति, संस्था, महिला समूह के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### किसानों को दी गई मौसम आधारित कृषि सलाह

**राजनांदगांव।** कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा किसानों को खरीफ में विभिन्न फसलों में आने वाली मौसम आधारित कृषि सलाह दी गई है। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने किसानों को धान फसल में सीधी बुवाई एवं कतार बोनी की अवस्था अपनाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि किसान धान की बुवाई कतारों में करें। कतार बोनी धान में बुवाई के 3 दिन के भीतर अंकुरण पूर्व प्रस्तावित नींदानाशक जैसे- प्रेटिलाक्लोर 50 प्रतिशत ईसी 600 मिली प्रति ग्राम अथवा पायरेजोसल्फ्युराँन 10 प्रतिशत डब्ल्यूपी 80 मिली प्रति ग्राम इत्यादि का छिड़काव करें।

# जंगलपुर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में पुस्तकों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

छुईखदान विकास खंड के अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्कूल जंगलपुर में बुधवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल शामिल हुए।

आयोजन में प्रमुख रूप सें मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, महामंत्री अवध जंघेल, उपाध्यक्ष प्रकास जंघेल, जनभागीदारी के अध्यक्ष राजेंद्र शिवहरे, श्रवण जंघेल, नेमु शिवहरे, कृपा जंघेल, आशानन्द शिवहरे, एमन जंघेल, ममता गंधर्व, मिनेश जंघेल, मनोहर यादव, पवन यादव प्रमुख रूप सें उपस्थित थे।

शाला परिवार में शिक्षक शिक्षिका प्रमुख रूप से सीताराम पाल प्रचार्य, संजय राजपूत संकुल प्रभारी, देवकुमार वर्मा, सुशील साहू, देवेंद्र वर्मा, मिना जंघेल, रेवा लाल साहू, उत्तम साहू, चंदू जंघेल, वर्षा साहू, शिखा ठाकुर, रौशनी रावते, पुरषोत्तम साहू, दिनेश जंघेल, निशांक दास साहू, चंदलाल साहू, निधि बंछोर स्वाति ताम्रकार आदि उपस्थित थे।



### 10वीं, 12वीं के छात्र-छात्राएं सम्मानित

इस अवसर पर उत्कृष्ट छात्र कक्षा बारहवीं के कुशल राम साहू, देवेश साहू, कैलास सिन्हा, कु राधिका,परमानंद, ओमप्रकाश, कक्षा 10वीं के कु नंदनी साहू, देवेश जंघेल, कु ऋतू साहू की शानदार अंक प्राप्त क्रर उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं कों निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को कोमल जंघेल, मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, सरवन जंघेल ने सम्बोधित कर छात्रों को बेहतर शिक्षा ग्रहण कर हौसला बढ़ाया।

# अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों के विरूद्ध करें नियमानुसार कार्रवाई : कलेक्टर

- साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित या कर्तव्यविमुख शासकीय सेवकों के विरूद्ध किए प्रभावी कारवाई को लेकर के संबंध में विभागवार जानकारी ली।

तीन साल से अधिक समय तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों के खिलाफ शासन के निर्देशानुसार नियमानुसार कारवाई का निर्देश जारी किया।

बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों द्वारा अनाधिकृत रूप से लंबे समय से अनुपस्थित शासकीय सेवकों पर कारवाई नही करने पर नाराजगी जाहिर करने हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा। स्कूलों में छत से पानी टपकने, छत विहीन स्कूल संचालन की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए एसडीएम छुईखदान और बीईओ को टीम बनाकर ऐसे स्कूलों का निरीक्षण करने कहा। खाद्य विभाग के जिला अधिकारी से जिले में खाद्यान्न भंडारण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने चिन्हांकित स्थानों पर वृक्षारोपण की तैयारी के संबंध में खनिज अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया और कहा कि उन्होंने कहा की सभी अधिकारी अपने कार्यालयों के खाली परिसरों में पौधरोपण करे।

### मांग अनुरूप खाद-बीज उपलब्ध कराए

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने पीएचई अंतर्गत संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा की मिशन अंतर्गत गांव में पाइप लाइन के लिए खोदे गढ्ढों को जल्द समतल करे। कृषि विभाग से जिले में खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी लेकर किसानों के मांग अनुरूप खाद बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जन चौपाल, मुख्यमंत्री जन शिकायत और कलेक्टर समक्ष प्राप्त जनशिकायतों, मांगों और समस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, डीईओ लालजी द्विवेदी, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, प्रभारी उप संचालक उद्यान रविन्द्र कुमार मेहरा, सीएचएमओ डॉ गणेशदास वैष्णव सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार शराब पर दे रही ध्यान

- पंचायत सचिव को एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में खुलने वाली नई कंपोजिट शराब दुकान के खिलाफ जालबांधा पंचायत सचिव को एनएसयूआई ने ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि जालबांधा से खैरागढ़ कॉलेज की दूरी ज्यादा होने की वजह से बारहवीं पढ़ने के बाद उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे छात्र-छात्राओं की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए जिसको देखते हुए कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार ने जालबांधा में नया कॉलेज और शिक्षा के स्तर को गुणवत्तापूर्ण बनाने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल खोला ठीक इसके विपरीत जब से भाजपा की सरकार आई है मुख्यमंत्री व आबकारी मंत्री विष्णु देव साय युवाओं को नशे में धकेलने की साजिश रच रही हैं।

जिला अध्यक्ष श्री जैन ने कहा कि अगर भविष्य में जालबांधा में नई शराब दुकान खुलती है तो जिला युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत कार्यालय का घेराव किया जाएगा जिसके लिए ग्राम पंचायत स्वयं जिम्मेदार रहेगी। इस दौरान एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष निलेश वर्मा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी, ब्लॉक उपाध्यक्ष रिंकू गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे। संबंध में पंचायत सचिव दुलार कोसरे ने कहा कि आबकारी विभाग के द्वारा प्रस्ताव मांगने पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव बनाकर आबकारी विभाग को दिया गया है। वही जिला आबकारी अधिकारी डिगेश देवांगन के अनुसार पंचायत प्रसताव के आधार पर नई दुकान किसी भी स्थिति में खोलना संभव नही है इसके लिए ग्राम सभा से पारित प्रस्ताव की आवश्यकता होती है। जालबांधा पंचायत द्वारा पुराने प्रस्ताव के आधार पर सहमति दी गई है जो अमान्य है।

# एफआईआर के विरोध में बजरंगियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



आरक्षक के साथ मारपीट के आरोप में बजरंग दल जिला संयोजक संदीप राजपूत व अन्य दो के खिलाफ एकतरफा पुलिसिया कारवाई के विरोध में बजरंग दल खैरागढ़ इकाई ने पुलिस थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

बजरंग दल के प्रखंड संयोजक शिशिर मिश्रा, विहिप शहर अध्यक्ष शुभम सिंह ठाकुर की अगुवाई में बजरंगियों ने बिना जांच एकतरफा की गई कारवाई को रद्द करने और दोषी आरक्षक के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध करने की मांग की। शिशिर मिश्रा ने कहा कि मामले में थाने में ही आपसी राजीनामा 30 जून को हो चुका था। उसके बाद 1 जुलाई को जबरदस्ती एफआईआर करवाया गया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान दल के विहिप प्रखंड सह अध्यक्ष सुभाष राजपूत, शहर संयोजक शिवम ताम्रकार, विक्की वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। मामले मे पुलिस को ज्ञापन सौंपने के अलावा बजरंगियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास जाकर शिकायत की है।

## पांडादाह की प्रसिद्ध रथयात्रा को लेकर बैठक में कई निर्णय

# नाथ को कंधों पर उठाकर भक्त कराएंगे भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

उड़ीसा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर ब्लाक के पांडादाह के जगन्नाथ मंदिर में भी रविवार 7 को रथयात्रा का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसको लेकर जगन्नाथ मंदिर परिसर मे समिति सदस्यों की बैठक हुई।

### पुष्पवर्षा के बीच परिक्रमा करेंगे भगवान

प्रदेश के प्रथम जगन्नाथ मंदिर होने का गौरव प्राप्त पांडादाह के जगन्नाथ मंदिर में फूलों के वर्षा के बीच कांधे में बैठकर भगवान जगन्नाथ मंदिर परिक्रमा करेंगे। गौरतलब है कि यहां मंदिर में रथ का प्रयोग वर्जित है। अंग्रेजी शासनकाल में रथ मे बिठाकर परिक्रमा कराए जाने से कुछ अनहोनी हो जाने की घटना बड़े बुजुर्ग बताते है तब से आज तक रथ का प्रयोग प्रतिबंधित है। शनिवार 6 जुलाई को अखंड राम नाम संकीर्तन शुरू होगा जो रथ यात्रा पर्व के दिन रविवार 7 जुलाई को सुबह समापन के साथ ही निशान यात्रा निकाली जाएगी। बैंड बाजा साथ निकलने वाली निशान यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। निशान यात्रा मंदिर पहुंचते ही भगवान जगन्नाथ जी भक्तों के कंधे में बैठकर मंदिर परिक्रमा करेंगे।

इस दौरान समिति पदाधिकारियों व सदस्यों ने चार नए प्रस्तावों पर सहमति दी।

जिसके अनुसार मंदिर परिसर में रथयात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ जी, बलदाऊ भैया व बहन सुभद्रा जी की प्रतिमाओं को कंधे पर उठाकर परिक्रमा करने के दौरान केवल पुरोहित परिवार व समिति सदस्य ही मंदिर के भीतर प्रवेश करेंगे। महिलाओं का प्रवेश वर्जित किया गया है किन्तु भगवान की परिक्रमा बाद महिलाओं सहित अन्य दर्शनार्थियों को मंदिर के भीतर जाकर दर्शन की अनुमति होगी।

मेले के दौरान दुकानदारों को सडक़ से 5 फीट की दूरी पर दुकान लगाने की सूचना ग्राम में मुनादी द्वारा या अन्य माध्यमों से दी जाएगी जिससे दर्शनार्थियो को आने जाने मे असुविधा ना हो। गौरतलब है कि पांडादाह राजनांदगांव रियासत की प्राचीन राजधानी थी जहां सैकड़ों सालो से जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा पर्व मनाये जाने की परंपरा है जिसे वृहद रूप देते हुए अब तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस दौरान समिति अध्यक्ष पं मिहिर झा, संरक्षक रामेश्वर रामटेके, सचिव राजू यादव, सतेन्द्र साहू, संतोष कर्ष, बंशी वर्मा, कमलेश यदु, रिंकू महोबिया, सुयश खरे, पुष्पराज सिंह मोना, संजू महाजन, रघुनाथ वर्मा, रुपेन्द्र यदु, संतोष डड़सेना, नरेंद्र साहू, संतोष वैष्णव, संतोष वैष्णव पुजारी, नितेश देवांगन, गोवर्धन सेन, बरातू वर्मा सहित अन्य समिति सदस्य मौजूद थे।

# रश्मिदेवी सिंह कॉलेज में भारतीय न्याय संहिता पर दिया व्याख्यान

**खैरागढ़।** रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज में भारतीय न्याय संहिता पर प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेन्द्र साखरे, पीएलवी गोलूदास साहू, छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो यशपाल जंघेल की उपस्थिति में व्याख्यान हुआ। स्वागत संबोधन में प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेंद्र साखरे ने नवीन भारतीय न्याय संहिता के बारे में जानकारी दी।

पीएलवी गोलूदास साहू ने नवीन संहिता की प्रमुख धाराओं और उसके उपबंधों पर विस्तार से प्रकाश डालतेहुए छात्र-छात्राओं का ध्यान आकृष्ट किया। छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने कहा कि नया भारतीय न्याय साक्ष्य अधिनियम में एक जुलाई 24 से डिजिटल युग में एफआईआर दर्ज कराने ईमेल, मोबाइल मैसेज जैसे डिजिटल दस्तावेज को कानूनी मान्यता दी गई है। प्रो यशपाल जंघेल ने व्याख्यान का संचालन करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को इस नवीन न्याय संहिता की जानकारी होनी ही चाहिए।




बेहतर नागरिक बनने के लिए कानून व्यवस्था का ज्ञान होना आवश्यक है। व्याख्यान कार्यक्रम में जागरूकता लाने के उद्देश्य से भारतीय न्याय संहिता विषय पर छात्र-छात्राओं के प्रश्न और विचार भी लिया गया जिसमें लीना वर्मा टिकेंद्र वर्मा, गौरी यदु, पूजा सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। इस दौरान प्रो मुकेश वाधवानी, प्रो मोनिका जत्ती, प्रो भबीता मंडावी, प्रो मनीषा नायक, प्रो सतीश माहला सहित स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सार समाचार



### सांसद पांडेय का आज दिल्ली से आगमन

**राजनांदगांव।** 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र के समापन उपरांत सांसद संतोष पांडेय कल गुरुवार शाम राजनांदगांव आ रहे है। आगमन उपरांत आगामी दो दिवस तक जिले के विभिन्न कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

### सेजेस भर्रेगांव स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**राजनांदगांव।** नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत के लिए सेजेस भर्रेगांव स्कूल में गत दिनों शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि संकुल प्राचार्य श्रीमती एस. विजयन, सरपंच सुलेखा चंद्राकर, उपसरपंच रोहित चंद्राकर द्वारा की गई। इस अवसर पर हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के नवप्रवेशी बच्चों का अतिथियों के हाथों गुलाल टीका लगाकर निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। साथ ही बच्चों का मुंह मीठा भी कराया गया। कार्यक्रम का संचालन करते शिक्षक नूतन साहू द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य ने बच्चों को लगनपूर्वक पढ़ाई करने व पालकों को बच्चों की पढ़ाई में विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकगण, गणमान्य नागरिक सहित पालकों की उपस्थिति बनी रही।



### सनातन धर्म महासभा ने की घोर निंदा

**राजनांदगांव।** सनातन धर्म महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने सांसद राहुल गांधी द्वारा संसद में हिन्दुओं को हिंसक और जो अपने आप को हिन्दु समझते हैं वे हिंसक होते हैं, इन शब्दों की कड़े शब्दों में निंदा करते राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित किया। श्री पटाक ने कहा कि संसद में राहुल गांधी से माफी मंगवाए और अपने कहे गए शब्दों को वापस लें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इस तरह की अशोभनीय भाषा-शैली का प्रयोग नहीं करना चाहिए। जिससे सनातनी बंधु व सर्व हिन्दू समाज को आघात पहुंचे। श्री पटाक ने बताया कि हिन्दू समाज कभी भी हिंसक नहीं होता।



### सरकारी आयोजन में उपेक्षा, सांसद नाराज

**राजनांदगांव।** कवर्धा और राजनांदगांव जिले में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि नहीं बनाए जाने के कारण सांसद संतोष पांडे प्रशासनिक अफसरों से बेहद नाराज हो गए हैं। बताया जाता है कि उन्होंने इस आशय की शिकायत प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन से भी की है। सूत्रों ने बताया कि कवर्धा के सहसपुर लोहारा में हाल ही में दो करोड़ रुपए की लागत से थाना भवन का लोकार्पण किया गया है। इस कार्यक्रम में राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, लेकिन सांसद संतोष पांडे को महत्व नहीं दिया गया। बताया जाता है कि कवर्धा के पुलिस प्रशासन को इस आयोजन के लिए इतनी हड़बड़ी थी कि उन्होंने सांसद के दिल्ली प्रवास के लौटने का इंतजार भी नहीं किया और उदघाटन कार्यक्रम रख दिया। इधर राजनांदगांव में भी आईजी कार्यालय के उदघाटन में सांसद श्री पांडे को पहले अतिथि नहीं बनाया गया और बाद में अतिथि के तौर पर नाम शामिल कर नया कार्ड बंटवाया गया। सूत्रों ने बताया कि सांसद श्री पांडे ने इस मामले की जानकारी प्रदेश सरकार और प्रदेश भाजपा संगठन को दी है।

### ईरा में पौधरोपण

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत ईरा में पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया। जिसमें गुलमोहर, मुनगा, सागौन, करण एवं अन्य प्रकार के छायादार व फलदार पौधे रोपे गए। इस दौरान जनपद सदस्य टेकूराम साहू, सरपंच किरणदेवी साहू, सचिव वेनीता सिन्हा, हेमशंकर नेताम, महेश निषाद, नरेंद्र नागरची, लोकेश्वर देशमुख, लाला निषाद, पितांबर साहू व परमेश्वर निषाद समेत अन्य लोग शामिल थे।

पृष्ठ 09 का शेष

### रेत कांड पर सरकार..

उमेश पटेल को क्लीनचिट देते हुए सप्लायर पर सवा छह करोड़ रुपए का अर्थदंड भी अधिरोपित किया है। बताया जाता है कि मामले की शिकायत राजनांदगांव जिले के भाजपा नेताओं ने भी राज्य सरकार से की थी। सूत्रों ने बताया कि मामले में मचे सियासी बवाल के बाद राज्य सरकार ने आज डोंगरगढ़ एसडीएम उमेश पटेल को राजनांदगांव जिले से हटाते हुए मंत्रालय में अवर सचिव के पद पर पदस्थ किया है। इस कार्रवाई के बाद प्रशासनिक हल्को में खलबली मची हुई है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने पुलिस लाइन में खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों से की मुलाकात

# तीरंदाजी प्रशिक्षण के लिए आईबी ग्रुप ने दी 10 लाख की आधुनिक कीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज एक दिवसीय प्रवास के दौरान यहां पुलिस लाईन पहुंचकर जिले के विभिन्न खेलों सहित तीरंदाजी में प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर टीम द्वारा 3 गोल्ड मेडल जीतने पर उन्हें बधाई भी दी।

उन्होंने जिले की खेल प्रतिभाओं से भेंट के दौरान कहा कि वे अपनी खेल प्रतिभा को और अधिक निखारें और प्रदेश सहित देश एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में शामिल होकर देश का नाम रौशन करें। बताते चले कि आईबी ग्रुप द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रशिक्षण के लिए तथा जिले में तीरंदाजी खेल को बढ़ावा देने 10 लाख रुपए की राशि के आधुनिक तीर, कमान आदि सामग्री प्रदान की गई।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, खुबचंद पारख, रमेश पटेल, समाजसेवी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर आईबी ग्रुप बहादुर अली, पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि व पत्रकारगण उपस्थित थे।



### अनिशा और भूमिका को दी बधाई

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनिशा साहू एवं भूमिका साहू ने भेंट की। अनिशा साहू ने नीदरलैंड में और भूमिका साहू ने जर्मनी में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के सदस्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इस दौरान विभिन्न खेलों में हिस्सा लेने वाले एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने भी विधानसभा अध्यक्ष से भेंट की।

### खिलाड़ियों ने किया तीरंदाजी का प्रदर्शन

पुलिस विभाग एवं स्व. श्री अभिलेख अग्रहरि वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा तीरंदाजी में जिले के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। तीरंदाजी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 46 खिलाड़ी एवं उनके कोच भी विधानसभा अध्यक्ष से भेंट कर अपने प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तीरंदाजों ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष तीरंदाजी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इन तीरंदाजों की प्रतिभा को देखते उन्हें और बेहतर प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को उभारने कहा। वहीं इन तीरंदाजों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी किया।

### 26 सीटर वाहन को दिखाई हरी झंडी

विधानसभा अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को लाने-ले जाने वाले 26 सीटर वाहन को भी हरी झंडी दिखाई। इस वाहन से खिलाड़ियों को अन्य स्थानों पर खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने जाने के लिए सुविधा होगी। इस अवसर पर पुलिस चौकी मोहला क्षेत्र अंतर्गत पुलिस भर्ती, अग्निवीर, वनरक्षक तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों, आरक्षक भर्ती प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों तथा व्हालीबॉल के कोच एवं खिलाड़ियों ने भी विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर अपने प्रशिक्षण एवं खेल के संबंध में उन्हें अवगत कराया।

## खैरझिटी के नहर-नाली निर्माण में गड़बड़ी चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खैरझिटी के ग्रामीणों ने नहर-नाली निर्माण में हो रहे गड़बड़ी को लेकर कलेक्टर से निर्माण कार्य में गड़बड़ी की शिकायत करते ठेकेदार का पेमेंट रोकने की मांग की है।

ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि ग्राम खैरझिटी में दो करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से नहर-नाली का निर्माण हो रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी उच्च स्तर पर जांच हो। कलेक्टर से की गई शिकायत में कहा गया है कि करोड़ों की लागत से बन रही नहर-नाली में अभी से ही दरारें आने लगी है और कांक्रीटीकरण उखड़ रही है। पुराने पुलिया को तोड़कर नया पुलिया बनाना था, पर ठेकेदार ने मनमानी करते उसी पुल में ढलाई कर दिया है। जिससे वह पुल अभी से दब गया है।

### गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की शिकायत

खैरझिटी के तिलेश्वर सिन्हा, पुरूषोत्तम साहू, छबिल सेन, भुनेश्वर साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने इस निर्माण को गुणवत्ताहीन बताया है। वहीं ठेकेदार का पेमेंट रोककर निर्माण कार्य की जांच करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर जल्द ही जांच व कार्रवाई नहीं हुई तो चक्कजाम किया जाएगा।

# भारत माता की सेवा के बाद वापस लौटने पर जवान का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय सेना में हवलदार के पद से रिटायर होकर 20 साल की सेवा के बाद राजनांदगांव पहुंचे जवान का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया और स्वागत अभिनंदन रैली निकाली गई।

भारतीय सेना में 20 साल की सेवा के बाद रिटायर होकर राजनांदगांव पहुंचे जवान का रेलवे स्टेशन में बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। राजनांदगांव जिले के छुरिया क्षेत्र के ग्राम शिकारीमहका निवासी सुरेश कुमार सिन्हा वर्ष 2004 में भारतीय सेना में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने असम, जम्मू कश्मीर, पंजाब, बीकानेर जैसे क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दी और 20 साल की सेवा के बाद हवलदार के पास से वह रिटायर हुए। उनके राजनांदगांव पहुंचने पर उनके परिजनों और शुभचिंतकों ने आरती उतारी और फूल-मालाओं से स्वागत करते खुली जीप में सवार कराया। वहीं भारत की जयघोष के नारे लगाए।



### युवाओं को सेना में जाने करेंगे प्रेरित

रिटायर जवान सुरेश कुमार सिन्हा ने कहा कि उन्हें 20 वर्षों तक भारतमाता की सेवा का अवसर मिला है। उन्होंने अपने परिजनों के पास लौटने को लेकर कहा कि वर्दी पहनने के बाद से ही देश उनका परिवार हो गया था और भारत मां ही मां थी। उन्होंने कहा कि वे आगे भी युवाओं को भारतमाता की सेवा में जाने प्रेरित करते रहेंगे और उन्हें सेना के लिए प्रशिक्षण भी देंगे।

### परिजनों को गर्व की अनुभूति

सेना में सेवा देकर लौटे जवान के चेहरे पर घर लौटने की खुशी के साथ ही देश सेवा का गर्व भी नजर आ रहा था। उनके परिजनों के साथ ही गांव के लोग भी अपने बेटे को लेने राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इस दौरान ऑटो चालक संघ द्वारा भी जवान का सम्मान किया गया।

## जिले में वृहद पैमाने पर पौधारोपण कार्यक्रम कल

**मोहला।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन व निर्देशन में जिले में वृहद पैमाने पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन 5 जुलाई को किया जाएगा। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में जिला मुख्यालय मोहला, विकासखंड मुख्यालय मानपुर, नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी सहित समस्त ग्राम पंचायतों के साथ ही सभी शासकीय कार्यालयों में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर जयवर्धन ने जिले के सभी नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं, महिला स्व-सहायता समूहों, व्यापारी संगठनों, सामाजिक संगठनों से पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन की दिशा में अपनी सहभागिता देते पौधरोपण करने की अपील किया है।

सतत वृक्षारोपण कार्यक्रम वर्षाकालीन के दौरान जारी रहेगा।

# साइंस कॉलेज में नवीन कानून पर दी जानकारी

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 3 जुलाई को प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में ''दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर उन्मुखीकरण'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. बघेल ने कहा कि देश में बनाए गए नवीन कानून 30 जून की रात्रि 12.30 बजे से लागू हो गई है। अंग्रेजों के समय दंड संहिता दंड पर अधिक फोकस था। तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम बनाए गए हैं। तीनों नए कानून नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उदेश्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और प्रभावी न्याय प्रणाली सुनिश्चित करना है।

मुख्य अतिथि मुकेश ने बताया कि अब कोई भी व्यक्ति एफआईआर ऑनलाइन/व्हाट्सएप के माध्यम से कर सकता है। साथ ही इसकी निःशुल्क कॉपी पीड़िता को दी जाएगी। किसी भी अपराधी गिरफ्तार करने की स्थिति में जानकारी उनके परिवार को दिया जाना है। सभी मामलों में न्याय एफआईआर होने से 3 वर्ष के भीतर मिलेगा, गंभीर अपराधों पर स्थल में जाकर सबूत इकट्ठा करना अनिवार्य है। स्थल की विडियोग्राफी भी होनी हैं, ताकि सबूतों से कोई छेड़छाड़ न हो, इससे जांच में गुणवत्ता व विश्वसनीयता बढ़ेगी। नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है। अब देश में दंड की जगह न्याय मिलेगा, राजद्रोह कानून को खत्म किया गया है। यह पूरी तरह से स्वदेशी कानून है और भारतीय मूल्यों के आधार पर चलेगी। मॉबलिचिंग में फांसी की सजा होगी, हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा होगी। इस अवसर पर कॉलेज स्टॉफ व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



# नगर निगम ने काटे टोटीविहीन सार्वजनिक नल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निगम सीमाक्षेत्र के सभी वार्डों में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिए जल विभाग की टीम द्वारा अनावश्यक बहने वाले टोटीविहीन सार्वजनिक नल काटने की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने जल विभाग की समीक्षा बैठक में वार्डों में टोटीविहीन अनावश्यक बहने वाले नलों की जांच कर काटने के निर्देश दिए थे। निर्देश के अनुक्रम में तीन दिनों में जल विभाग की टीम ने 24 नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की।

आयुक्त गुप्ता के निर्देश पर सभी उप अभियंता अपने-अपने वार्डों में अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल की जांच कर जल विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। जिसके आधार पर जल विभाग की टीम द्वारा अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नलों को काटा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शहर के कई क्षेत्रों में लो प्रेशर के कारण कम पानी आने की शिकायत प्राप्त हो रही थी। साथ ही बिना टोटी के नल से पानी बहने के कारण भी पानी का प्रेशर कम आता है। जिससे घर के नलों में पर्याप्त पानी नहीं आ पाता। आयुक्त के निर्देश पर टोटीविहीन सार्वजनिक नल काटने की कार्रवाई की जा रही है।



### तीन दिनों में 24 नल काटे

टोटीविहीन नल काटने का अभियान 1 जुलाई से प्रारंभ किया गया और शिकायत के आधार पर वार्ड नं. 40 में जांच की गई, जहां के सार्वजनिक नलों से पानी बहते पाया गया। 1 जुलाई को नंदई कुंआ चौक, सतनामीपारा आदि क्षेत्रों में बिना टोटी के अनावश्यक बहते 08 नल काटने की कार्रवाई की गई और कल 2 जुलाई को सारथीपारा, चौखडियापारा क्षेत्र से 9 नल तथा आज बांसपाईपारा, सागरपारा क्षेत्र से 7 नल कनेक्शन काटा गया। इस प्रकार तीन दिनों में 24 अनावश्यक बहते हुए बिना टोटी के सार्वजनिक नल काटे गए। जांच एवं शिकायत के आधार पर आगे भी बिना टोटी के नल काटने की कार्रवाई की जाएगी।

# कोटपा अधिनियम का होगा क्रियान्वयन

- ग्रामीणों को तम्बाकू सेवन से बचने जागरूक करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोटपा अधिनियम (सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम) के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

कलेक्टर अग्रवाल ने जिला के सभी शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त करने, स्कूली बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव की जानकारी देने तथा बच्चों को तम्बाकू सेवन के विरूद्ध शपथ दिलवाने तथा ग्रामसभा में ग्रामीणों को तम्बाकू सेवन से बचने जागरूक करने के निर्देश दिए।

बैठक में तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव से बचने के संबंध में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि नाबालिकों व शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर धारा 6-बी के अनुसार 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करना दंडनीय है तथा ऐसा करते पाए जाने पर 200 रुपए जुर्माने का प्रावधान है। बैठक में तम्बाकू नियंत्रण के लिए श्रम विभाग, बाल संरक्षण विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग, नगर पालिका, जनपद पंचायत, पुलिस विभाग के समन्वय पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, जिला सलाहकार एनटीसीपी निहारिका टोपनो एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




# विधानसभा अध्यक्ष रमन ने नवीन पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय का किया लोकार्पण

- पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय परिसर में लगाया फलदार पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव में नवनिर्मित नवीन पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने जिलेवासियों को नए पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय भवन प्रारंभ होने पर शुभकामनाएं दी। डॉ. सिंह ने कार्यालय भवन का अवलोकन भी किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि राजनांदगांव जिले में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय खुल जाने से यहां के नागरिकों के पुलिस विभाग के कामकाज शीघ्र हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में कार्ययोजना बनाकर विस्तार किया जाएगा। डॉ. सिंह ने पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय को हरा-भरा एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने अमरूद का पौधा लगाया। उन्होंने नागरिकों को पौधरोपण एवं उसकी सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने वृक्षारोपण लगाना बहुत जरूरी है।

इस अवसर पर महापौर हेमा देशमुख, खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, रमेश पटेल, पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।



## टुटेजा बने गायत्री के नए मैनेजर

**राजनांदगांव।** शाला गायत्री विद्यापीठ के शिक्षक तरनजीत सिंह टुटेजा को विद्यालय के मैनेजर पद पर नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि शिक्षक तरनजीत सिंह टुटेजा आरंभ से ही अपने कार्य के प्रति सजग रहे हैं। उनके अनेक खूबियों से प्रभावित होकर उन्हें गायत्री शिक्षण समिति द्वारा मैनेजर पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर श्री टुटेजा ने कहा कि वह इस पद की गरिमा को बनाए रखते सत्य-निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे। आभार का व्यक्त करते उन्होंने सभी से आशीर्वाद लिया। शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते उनके निरंतर आगे बढ़ने हेतु मंगल कामना की। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, अनिल वाजपेयी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।



## अमनबृज को विभाग संयोजक व जीत को जिला संयोजक की मिली जिम्मेदारी

**राजनांदगांव।** अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत सह-प्रचारक नारायण नामदेव, अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. आशुतोष मंडावी, मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया एवं विदर्भ प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विक्रमजीत कलाने, अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत अध्यक्ष प्रो. अमित बघेल, प्रांत मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, प्रांत संगठन मंत्री महेश साकेत की उपस्थिति में कबीरधाम में संपन्न हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रांतभर से 250 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए और विभिन्न सत्रों के माध्यम से संगठन के कार्य पद्धति, आचार पद्धति, विचारधारा के बारे में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। जिसमें कुछ महत्वपूर्ण संगठनात्मक परिवर्तन भी किए गए। इसी कड़ी में कवर्धा निवासी रामशरण चंद्रवंशी को संगठन द्वारा राजनांदगांव विभाग के विभाग प्रमुख तथा डोंगरगढ़ निवासी अभाविप राजनांदगांव के जिला संयोजक अमनबृज नामदेव को राजनांदगांव विभाग के विभाग संयोजक, पूर्वा समर्थ को राजनांदगांव की विभाग छात्रा प्रमुख, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजनांदगांव निवासी जीत प्रजापति को राजनांदगांव जिले के जिला संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई।



## खबर संक्षेप

### राहुल गांधी को हिन्दू शब्द का ज्ञान नहीं, जो कभी हिंसा ना करे उन्हें हिंदू कहा जाता हैः अश्वनी यदु

**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया जनपद पंचायत के सभापति व भाजपा सदस्य अश्वनी यदु ने कहा कि संसद जैसे उच्च स्थान पर संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक कहना ठीक नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं, वो 24 घंटे हिंसा और नफरत करते हैं शायद राहुल गांधी को हिन्दू शब्द का अर्थ ही नहीं पता हिंदू का अर्थ होता है जो कभी हिंसा ना करे, राहुल गांधी की ऐसे बयानों से पूरा देश आहत हुई है, हिंदुओ के प्रति ऐसी मानसिकता दिखाती है की राहुल गांधी का मंदिर जाना पूजा पाठ करना सिर्फ दिखावा है, हिंदू धर्म के धार्मिक ग्रंथ रामचरित्र मानस, श्रीमद्भगवत गीता के हर अक्षर पर जीव रक्षा, मानस सेवा पर जोर दिया गया है, हिंदू धर्म अपने नई पीढ़ी को बचपन से हर मानव में हर जीव में भगवान देखना सिखाती है, हमारा धर्म हमें सिखाता है की किसी भी धर्म के धार्मिक स्थल हो वहां हमेशा सम्मान के साथ सर झुकाना चाहिए, क्योंकि हर धार्मिक स्थल में ईश्वर बसता है और पूरे विश्व में हिंदू धर्म एक ऐसा धर्म है जो सिर्फ पूजा करना सिखाती है, हिंसा के लिए जगह ही नहीं हमारा धर्म जल, जमीन, वायु व आकाश सब में ईश्वर देखती है। गाय को माता का दर्जा देने वाला समाज कभी हिंसक नहीं हो सकता, राहुल गांधी को आरएसएस एवं बीजेपी पर टिप्पणी करने से पहले इस बात का इल्म होना चाहिए की जब-जब देश पर संकट आया है संकट में सामने खड़ा होने वाले सिर्फ आरएसएस एव बीजेपी के लोग ही रहें हैं, चाहे बाढ़ का कहर हो, प्राकृतिक आपदा हो, कोरोना काल ,हो अपने जान की परवाह करे बिना सेवा करता है तो वो आरएसएस एवं बीजेपी है और राहुल गांधी आरएसएस व बीजेपी सेवा करने क्यों आगे रहता है ये भी बता दूं क्योंकि ये वही हिंदू है जिनको सिखाया गया है हर इंसान में ईश्वर है मानव सेवा ही प्रभु सेवा है।



### उपमुख्यमंत्री से भेंट-मुलाकात किया भोरमदेव कला सेवा जिलाध्यक्षः बलवीर विश्वकर्मा



**हरिभूमि कोलेगांव।** बाबा भोरमदेव के पावन भुईयां में अखिलेश भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत अभ्यास वर्ग 27 से 30 जून तक आयोजित किया गया। जिसमें समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। परिषद के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम जिला अध्यक्ष बलवीर विश्वकर्मा उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा को भोरमदेव कला सेवा के जन-कल्याणकारी काम को विस्तार से बताया और अंतर्राष्ट्रीय चित्रकाला प्रतियोगिता में बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण और पांच वर्षो से स्कूल व कॉलेजों में स्वच्छ भारत अभियान पर कार्यक्रम करते आ रहे हैं। समिति उसके विषय पर व अभी वर्तमान में कई स्कूलों में समर कैम्प में निःशुल्क पेंटिंग प्रशिक्षण दिए। इस दौरान पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### बरबसपुर मे शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम बरबसपुर स्थित शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम व उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी, मां सरस्वती की तैलचित्र पर पुष्प-अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचराम कोशले, किशन बंजारे ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन श्रेष्ठ होता है, हमे अनुशासन का पालन करते हुए अपने गुरुजनों व बड़ों का सम्मान करना चाहिए। निरंतर स्कूल आना चाहिए व शिक्षक-शिक्षिकाओं के बताए रास्ते में चलकर आपने जीवन को सफल बनाए। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य लक्ष्मण मिरी नें कहा कि शिक्षा ग्रहण कर हम एक अच्छा इंसान बनते है, शिक्षा ही हमे अच्छे बुरे का ज्ञान कराती है, शिक्षा ग्रहण करने का सभी का अधिकार है। वहीं कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं को पढ़ाई-लिखाई के प्रति सजग रहने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में पालक गण सौखी टंडन, सिंधु टंडन, रामरतन कुर्रे, रवेल पाटले व शिक्षक सीमा वर्मा, वर्षा सोनी, योगेश चौरिया, अनुराग जयसवाल, अजय श्रीवास्तव, टीके नेतम, मुरली प्रसाद झरिया, विपिन शर्मा, रुद्राणी राजपूत, फागू राम डिंडोरे व शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### प्राथमिक शाला मक्के में पढ़ई-लिखई तिहार कार्यक्रम मनाया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्कें में पढ़ई-लिखई तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को खेल-खेल में सिखाना है, स्कूल में जो भी सिखे, घर में जाके सीखना है, बच्चों की शिक्षा ज्ञान में माताओं को जुड़ना है। घर से अच्छा ज्ञान ले, जब बच्चा स्कूल आता है। जो सीखा घर में ओ काम यहां पर आता है। घर-घर में जोत जलाना है, पढ़ई-तिहार मानना है ज्ञान अर्जित अनुभवों से बहुत काम आता है। मंगलवार को पढ़ई-तिहार कार्यक्रम मानना है सभी माता को बुलाना है साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा रैली निकालकर व स्लोगन द्वारा जन-जागरूक किया गया। जिसमें शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष ज्योति साहू, मधु साहू, राजकुमारी साहू, दुखिया साहू, इंद्राणी साहू, हेमलता मानिकपुरी, तुलेश्वरी साहू, सुकृति साहू, सभी पालक गण साथ ही सरपंच मुक्तनंद साहू, कुमार साहू, नंदकिशोर साहू, मनोहर साहू, जलेश साहू, मनहरण साहू, मोहित साहू एवं रजन साहू, रामसिंह साहू, प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन, प्रधान पाठक अशोक पांडेय, शिक्षक कपूर राम चंद्रवंशी, कौशल खण्डे, युगल किशोर साहू, पालक व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

---

हितग्राहियों को मिल रही सुविधाएं और कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने बुधवार को जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम भवरटोक, थावरझोल, कटगो, डोंगईटोला एवं चिमरा में संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया।

सचिव श्री अब्दुलहक ने प्रमुख अभियंता एमएल अग्रवाल, मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता के साथ जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के तहत लोगों को मिल रही सुविधाएं और कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देश दिए। सचिव अब्दुल हक ने निरीक्षण के बाद विकासखंड बोड़ला में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक भी ली। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल जल जीवन मिशन के प्रगति एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत अब तक हुए कार्यों की प्रगति, हितग्राहियों की संख्या और पानी टंकी की क्षमता की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों के घरों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन गांव, गरीब एवं आम नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बोड़ला विकासखण्ड के सोलर आधारित योजना ग्राम भवरटोक एवं थावरझोल में योजनांतर्गत उपलब्ध कराए गए नल कनेक्शन आदि की जानकारी ली।



#### प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से जानकारी दी

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जल जीवन मिशन के तहत जिले में किए गए कार्यों सहित प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 958 ग्रामों में कार्य प्रारंभ किया गया। इनमें 643 ग्रामों में जल प्रदाय किया जा रहा है और 164 ग्रामों में कार्य पूर्णकर लिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता जेपी गोंड, सहायक अभियंता बोड़ला जीपी ठाकुर सहित विभाग के सहायक अभियंता, उप अभियंता, जिला समन्वयक, आईएसए, टीपीआई उपस्थित थे। कार्यपालन अभियंता जेपी गोंड ने बताया कि रेट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजना के अंतर्गत ग्राम चिमरा में लगभग सभी घरो में कनेक्शन कार्य पूर्ण कर लिए गए है। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत बने पानी टंकी से ग्राम के सभी घरों में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित किया जा रहा है। जल जीवन मिशन योजना के उद्देश्य के अनुरूप सभी घरों में नल कनेक्शन प्रदान करने के लिए विभागीय अमले द्वारा पूरी सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। ग्रामवार सर्वे कराकर छूटे हुए घरों में भी नल कनेक्शन के साथ स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने बेहतर कार्ययोजना के साथ काम किया जा रहा है।

---

# प्रीति चंद्राकर को पीएचडी की उपाधि मिली

■ परिवारजनों व क्षेत्रवासियों ने शुभकानाएं प्रेषित की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम नवापारा निवासी श्रीमती प्रीति चंद्राकर पति मनोज कुमार चंद्राकर को संस्कृति विद्यालय साकरा दुर्ग ने शोध प्रबंध ओम उच्चारण प्राणायाम एवं योग निद्रा का विद्यार्थियों की स्मृति क्षमता पर पढ़ने वाले प्रभाव के अध्ययन पर यह उपाधि प्रदान की। उन्होंने अपना शोध कार्य योग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ ब्रजेश कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में पूरा किया, श्रीमती चंद्राकर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने साथ संत आसाराम बापू एवं शोध निर्देशक गुरुजनों के साथ माता श्रीमती अश्विनी देवी, पिता क्रांति कुलमित्र, पति मनोज कुमार चंद्राकर आदि को दिया। श्रीमती प्रीति चंद्राकर के शोध प्रबंध एवं ओम उच्चारण प्राणायाम पर पीएचडी की उपाधि मिलने से प्रियांशु कोविद एवं परिवार जनों के साथ ही साथ नवापारा कुण्डा सहित आसपास क्षेत्र के समस्त प्रशंसकों ने बधाई दी।

### उपस्वास्थ केन्द्र अखरा में पौधारोपण किया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया के आश्रित ग्राम उपस्वास्थ केंद्र अखरा में शासन के आदेशानुसार कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक के द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र परिषर में पौध-रोपण किया गया, जिसमें आम, बरगद, नीम व अशोक का पौधरोपण किया। इस दौरान ग्रामीण स्वास्थ संयोजक मनोज चंद्राकर, सीएचओ श्रीमती नम्रता बघेल, आरएचओ श्रीमती गोदावरी भार्गव, आरएचओ सुश्री रुखसाना, मितानिन श्रीमती आशा धवलकर व राजेंद्र पटेल का विशेष योगदान रहा। वहीं एलोवेरा (घृत-कुमारी) व तुलसी दोनों के पौधे मलेरिया-रोधी के लिए कारगार साबित होता है यदि मुनष्य मलेरिया से होने वाले बीमारी से छुटकारा पाना चाहे तो एलोवेरा व तुलसी का पौध का अपने दैनिक जीवन में उपयोग प्रयोग करना चाहिए।

---

## पक्की नाली निर्माण की मांगकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम घोरपेंड्री से बसनी तक लगभग डेढ़ किलोमीटर की प्रधानमंत्री सड़क 1 साल पहले बनाया गया था, वहीं सीसी रोड़ निर्माण किया गया था लेकिन पक्की नाली का निर्माण नहीं होने से जल भराव की स्थिति निर्मित होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है, ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार वर्षा जल घरों में घुसने से रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्राम घोरपेण्ड्री वासियों नें जिला प्रशासन को लिखित शिकायत कर जल्द से जल्द पीएम सड़क किनारे पक्की नाली निर्माण एवं की मांग कि गई ताकि ग्रामवासियों को सुविधा व राहत मिल सके।

# प्रदेश में तब से बनी भाजपा सरकार तब से किसानों में मचा हाहाकार : रवि चंद्रवंशी

■ सरकार बदलकर भारी बहुमत से पंडरिया विधायक को चुनकर अब किसान कर रहे पछतावा : श्री चंद्रवंशी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



विगत 8 माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में पंडरिया क्षेत्र की जनता जिसमे अधिकतम किसान परिवारो ने कांग्रेस की सरकार व विधायक की जगह भाजपा की सरकार व विधायक इस आस से चुन लिए की शायद भाजपा व उसके विधायक कांग्रेस से बेहतर काम कर पाए, लेकिन विगत 8 महीनों की स्थिति को देखते हुए अब किसानों को लगने लगा की उनसे बड़ी भूल हो गई। युवा किसान कांग्रेस नेता रवि चंद्रवंशी ने बताया कि जिस प्रकार आज किसान ओला वृष्टि छतिपूर्ती की राशि, गन्ना मूल भुगतान व बोनस की राशि, राजस्व विभाग का सुस्त रवैया सहित सोसायटी में खाद बीज नही मिलने से किसान परेशान है, आज हर एक किसान को अपने 8 महीने पहले किए गए फैशले पर दुःख हो रहा है।

श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिस विधायक को किसानों ने बड़ी आस से चुना की वह सर्व वर्ग हित मे काम करेंगी उनके द्वारा उल्टा ही काम किया जा रहा है, आज किसानों की समस्याओ को दूर करने के लिए उनके पास वक्त नही है।

उन्होने कहा कि पंडरिया विधायक जन सेवा ही भावना का टैग लाइन लिए चलती है मैं उनसे कहना चाहता हूं की आप पंडरिया क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि है आपको किसान भाइयों को तत्काल ओला वृष्टि की राशि का वितरण कराना चाहिए, शक्कर कारखाना में 7 महीनों से किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं हुआ है इस पर आपको तत्काल किसानों को भुगतान कराना चाहिए और इनके साथ ही एक दीन राजस्व कार्यालय का दौराकर आपको देखना चाहिए कि छोटी छोटी बातों के लिए किसान कितने दिनों से राजस्व विभाग के चक्कर काट रहे हैं, ऐसे किसानों की समस्या को दूर करनी चाहिए।

श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यदि आगामी 10 दिनों में पंडरिया विधायक द्वारा किसान हित में कार्य नही किया गया, किसानों की समस्याओं को दूर नही किया गया तो हजारों किसानों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी द्वारा विधायक कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

---


# प्राथमिक शाला महली में पढ़ाई तिहार मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

प्रदेश शासन के आदेशानुसार मंगलवार को प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाई-तिहार का आयोजन किया जाने के निर्देश दिया गया था, इसी कड़ी में ग्राम पंचायत महली स्थिति शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ाई तिहार का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम नव-प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया व विद्यालय में प्रवेश कराया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि रघुराई चंद्राकर, अध्यक्ष शाला विकास समिति ओमप्रकाश चंद्राकर, ब्लाक क्रीड़ा अधिकारी अश्वनी चंद्राकर, संकुल समन्वयक ईश्वर तिवारी, प्रधान पाठक सोमनाथ साहू उपस्थित थें। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा का पूजा-अर्चना किया गया, अतिथियों के स्वागत सभी नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का स्वागत अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर किया गया साथ ही साथ निःशुल्क पुस्तक तथा गणवेश वितरित किया गया। वहीं अतिथियों द्वारा विद्यालय परिषर में नीम व पीपल के पौध रोपण किया गया, पौधरोपण के बाद विद्यालय में न्योता भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र छात्राएं, पालक गण व अतिथियों के साथ बैठकर न्योता भोज का स्वाद लिए। प्रधान पाठक पवन पाठक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में सुरेश देवांगन. श्रीमती इन्द्राणी सत्यम, श्रीमती सुधा क्षत्रिय, प्रहलाद चंद्राकर, बद्री यादव सहित पालक गण व ग्रामवासी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।



### महिलाओं को मातृत्व से जुड़ीं जानकारी से अवगत कराया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में महिलाओं को मातृत्व से जुड़ी गलत फहमियो तथा भ्रांतियो के बारे मे डॉ योगिता चन्द्रवंशी ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने गर्भ-धारण करने के लिए महत्वापूर्ण बिंदुओं पर परिचर्चा की एवं प्रसव तथा इससे संबंधित विभिन्न पहलुओं की भी जानकारी दी। डॉ योगिता ने मेनकाइंड फार्मा की सहायता से महिलाओं को मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की सलह दी, इस शिविर मे डॉ योगिता ने नए वैज्ञानिक तथ्यो के बारे मे भी जानकारी साझा की, जिससे गर्भधारण किया जा सकता है। उन्होनें मातृत्व को प्राप्त करने के बारे मे रास्ते मे आने वाली बाधाओं को दूर करने के उपायों पर भी महिलाओं के साथ चर्चा की। डॉ योगिता ने एक जन-जागरुकता अभियान शुरु किया, जिसमें उन्होंने प्रजनन स्वास्थ और उन मुद्दो के बारे मे लोगो को शिक्षित करने का संकल्प लिया जो सन्तान प्राप्ति को आसान बना सकते है और इससे जुड़ी समास्याओ का समाधान कर सकते है।

---

कोलेगांव में नौ दिवसीय संगीतमय ज्ञान कथा जारी

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ी रहीं भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव


ग्राम कोलेगांव में संगीतमय नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व भक्त जन उपस्थित होकर कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है। श्रीमद्भावगत कथा के पंचम दिन कथा वक्ता पं आशीष पाठक द्वारा कही गई गज ग्राह के कथा माध्यम से संसार की मोह माया में लिपटे जीव की सद्गति किस प्रकार से हो सकती है, अंतकाल में भी गज की तरह श्री हरि दर्शन की व्याकुलता हो तो जीव मुक्त हो जाता है।

श्रीमद्भागवत में समुद्र मंथन की कथा बड़ी रोचक है यह संसार ही समुद्र है, मन ही मथानी है ज्ञान ही रस्सी पुरुषार्थ है, व्यक्ति इस संसार से सुख चाहता है पर उसे दुःख की अनुभूति ज्यादा होती है। दुःख रूपी विष को जो आत्मसात कर ले वही जो परोपकार के लिए स्वयं संकट सहन कर ले वही निलकंठ (शंकर) भगवान कहलाते हैं, जो संसार में धैर्यपूर्वक पुरुषार्थ करता है उसे सफलता रूपी रत्न और अमृत की प्राप्ति अवश्य होती है, सफलता अक्सर विवाद पैदा करती है जैसे देवता व असुरों के बीच में हुआ पर जो धर्म का पालन करते हैं ईश्वर उनकी रक्षा करते हैं यतो धर्मः ततो जयः सूर्यवंश में श्रीराम ने मर्यादा पुरुषोत्तम नाम को चरितार्थ किया श्रीराम आदर्श राजा के साथ-साथ एक सर्वगुण संपन्न मानवतावादी सहृदय व्यक्तिव के रुप में जन-जन के हृदय में स्थापित है। वही श्रीकृष्णा लीला में पुरुषोत्तम के रूप में आते हैं, श्रीराम ने जो लीला की वह धर्म का युग था श्रीकृष्णा ने जो लीला की वह युग का धर्म था। पंचम दिवसीय श्रीमद् भावगत कथा से आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।



---

### कवर्धा परिक्षेत्र में अवैध चराई करते भेड़, बकरी व ऊंट को वनक्षेत्र से किया बाहर



**हरिभूमि कवर्धा।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार कवर्धा वनमंडल में मंत्री केदार कश्यप द्वारा कवर्धा वन परिक्षेत्र अंतर्गत क्षेत्रों में मवेशी मालिकों द्वारा अवैध रूप से भेंड़, बकरी, ऊंट तथा घोड़ा आदि चराई करते पाए जाने पर तत्काल वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा गया। जिस पर कवर्धा वनमंडल द्वारा लगातार इस प्रकार के प्रकरणों में नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कवर्धा परिक्षेत्र के अंतर्गत जामपानी परिसर के कक्ष क्रं आरएफ- 50 में लगभग 903 नग भेड़, बकरी व घोड़ा एवं ऊंट चराई करते पाए जाने पर वन अपराध पंजीबद्ध कर हानि की राशि वसूल किया गया। वनमंडलाधिकारी कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएफओ बंजारी ललित यादव, बीएफओ जामपानी अनिल राजपूत एवं बीएफओ पालक विकास मिश्रा द्वारा गश्त के दौरान जामपानी परिसर के कक्ष क्रं आरएफ- 50 में भेड़, बकरी व घोड़ा एवं ऊंट चराई करते पकड़ा गया। वन अधिकारियों द्वारा मवेशी मालिक से चराई संबंधी कुछ वैध अनुमति (चराई पास) के संबंध में पूछताछ किया गया मवेशी मालिको द्वारा किसी भी प्रकार की अनुमति नही होना बताया गया। तत्पश्चात वन अधिकारी द्वारा ललित-बुधरूपाल ग्राम कपुआ, सिलतरा जिला मुंगेली, कुलेश-रामशरण यादव ग्राम मक्के थाना पिपरिया, लुकेश-चिंताराम पाल ग्राम दशरंगपुर, राजेश-लेखूराम पाल ग्राम नवागढ़ जिला बेमेतरा के विरूद्ध भारतीय वन अपराध अधिनियम 1927 की धरा 26 (1) घ अवैध चराई के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 18044/25 मंगलवार को पंजीबद्ध कर 702 नग भेंड़, 191 नग बकरी, 7 नग घोड़ा एवं 3 नग ऊंट को जप्त कर नियमानुसार चराई शुल्क 7394 रूपए अर्थ दण्ड वसूल कर मवेशी मालिको को मवेशियों सहित वनक्षेत्र से बाहर किया गया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

आदेश: कांग्रेस समर्पित पार्षद मोहित माहेश्वरी की याचिका पर उच्च न्यायालय ने दिया फैसला

# नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष का फिर से होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा नगर पालिका परिषद के कांग्रेस समर्पित एक पार्षद की याचिका पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक अहम फैसला सुनाते हुए छत्तीसगढ़ शासन को एक सप्ताह के भीतर कवर्धा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए पुनः चुनाव करने का आदेश जारी किया है। न्यायालय के इस फैसले के सामने आने के बाद कवर्धा नगर पालिका के कांग्रेस समर्पित पार्षदों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है और वे इसे सत्य की जीत बता रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राजनैतिक लिहाज से छत्तीसगढ़ की हॉट सीट बन चुकी कबीरधाम जिले की कवर्धा नगर पालिका में एक बहुचर्चित मामले के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने अपना इस्तीफा दे दिया था। आरोप है कि इस घटना क्रम के बाद प्रदेश की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने नगर पालिका में कांग्रेसी पार्षद के बहुमत होने के बाद भी भाजपा के एक पार्षद कों नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर मनोनीत कर दिया। सरकार के इस फैसले के बाद कवर्धा नगर पालिका के कांग्रेस समर्पित पार्षद मोहित माहेश्वरी ने न्यायालय की शरण ली और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी। यचिकाकर्ता श्री माहेश्वरी ने कहा कि संविधान के विपरीत किए गए इस प्रकार के कृत्य से कवर्धा की जनता का विश्वास जरुर डगमगाया लेकिन आज पूरे मामले पर माननीय उच्च न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीसी /1516/2024 पर शासन द्वारा अध्यक्ष मनोनयन की प्रक्रिया कों गलत ठहराते हुए शासन कों एक सप्ताह के भीतर चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ करने आदेश जारी किया है।

### एक सप्ताह के भीतर अधिसूचना जारी करने के निर्देश



कांग्रेस समर्पित पार्षद मोहित माहेश्वरी के मुताबिक माननीय न्यायालय ने कहा है कि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर चुनाव छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 37 के अंतर्गत निर्धारित नियमों के अनुसार नहीं हो रहा था। माननीय न्यायालय ने यह निर्णय लेने के पश्चात कहा कि चुनाव तत्काल कराया जाए और सभी तथ्यों के आधार पर निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह सात दिनों के भीतर आवश्यक अधिसूचना जारी करके प्रक्रिया आरंभ करे। न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि निर्वाचन अधिसूचना जारी करने में किसी भी प्रकार का विलम्ब माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश की जानबूझकर अवहेलना होगी तथा यह नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष पद पर आसीन होने के संवैधानिक आदेश को जानबूझकर दरकिनार करने का कृत्य भी होगा।

### कांग्रेसी पार्षदो ने निर्वाचन आयोग से की मुलाकात, सौंपी न्यायालय के आदेश की कापी

आदेश आने के बाद समस्त कांग्रेसी पार्षदगण ने बुधवार को राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की कॉपी सहित 15 पार्षदों के हस्ताक्षर के साथ चुनाव के संबंध में आवेदन निर्वाचन आयोग कों सौंपा ताकि जल्द से जल्द चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ किया जा सके। इस अवसर पर कांग्रेसी पार्षद ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सत्य की जीत है।

# दो अलग-अलग फड़ों से पंडरिया पुलिस के हत्थे चढ़े आठ जुआरी

- जुआरियों से नगदी रकम 4800 रूपए तथा 52 पत्ती जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पंडरिया पुलिस ने बीते मंगलवार को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानो में जगमी जुआरियों की फड़ में दबिस देकर आठ जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हांथो गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन जुआरियों के पास 4800 रूपए नगद जप्त कर सभी के खिलाफ धारा 3(2) छत्तीसगढ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को पंडरिया पुलिस को मुखबीर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि कुछ लोग थाना पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम सगौनाडीह में फड़ जमाकर तास पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना के बाद पंडरिया पुलिस की टीम ने मौके पर दबिस देकर आरोपी सिद्धार्थ भास्कर पिता साधराम आयु 31 वर्ष निवासी सगौनाडीह थाना पंडरिया, शिरोमणी पिता मनहरण सतनामी आयु 23 वर्ष निवासी सगौनाडीह थाना पंडरिया, बैजनाथ पिता बिहारीलाल महिलांगे उम्र 37 वर्ष निवासी सगौनाडीह थाना पंडरिया को जुआ खेलते रंगे हांथो दबोच लिया। पुलिस ने इन जुआरियों के पास से 3200 रूपए नगद, 52 पत्ती तास जप्त की है।

इसी प्रकार मुखबीर की सूचना पर ही पुलिस ने थाना क्षेत्र में कुशालबंदपारा में जमी जुआरियो की एक फड़ में दबिस देकर आरोपी गोविंदा साहू पिता अर्जुन साहू उम्र 25 साल निवासी सिसोदिया नगर पंडरिया, रेशम लाल जांगडे पिता भुखऊ राम उम्र 32 साल निवासी कुशालबंदपारा पंडरिया, दिलीप कुमार जायसवाल पिता सुरेश कुमार उम्र 28 साल निवासी कुशालबंदपारा पंडरिया, प्रकाश साहू पिता नर्मदा साहू उम्र 31 साल निवासी कुशालबंदपारा पंडरिया तथा रोहित साहू पिता राजा साहू उम्र 32 साल निवासी कुशालबंदपारा पंडरिया जिला कबीरधाम को रंगे हाथो जुआ खेलते पकडा गया, जिनके पास से पुलिस ने 1600 रूपए, 52 पत्ती तास जप्त की है। दोनो ही मामलों के आरोपियों के विरू द्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक मानिक सिन्हा, प्रधान आरक्षक बलेश धुर्वे, राजकुमार कुशवाहा, आरक्षक राजू चंद्रवंशी, आकाश भोई, सुनील धृतलहरे, ओमप्रकाश, भुनेश्वर कौशिक, शैलेन्द्र राजपुत, नितेश यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# कुण्डा व पंडरिया तहसील में भारतीय किसान संघ की कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय किसान संघ द्वारा इन दिनों कबीरधाम जिले में किसान सदस्यता अभियान के साथ-साथ ग्राम इकाई व तहसील कार्यकारिणी पदाधिकारी का गठन जोर शोर से चल रहा है। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी व महामंत्री जीवन यादव के नेतृत्व में कुंडा तहसील कार्यकारिणी का पुनर्गठन गत दिनो महामाया मंदिर प्रांगण भगतपुर में सम्पन्न हुआ। जिसमें तहसील अध्यक्ष झम्मन चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी व मंत्री भूपेंद्र चंद्रवंशी को दायित्व दिया गया। इसी प्रकार पंडरिया तहसील के अध्यक्ष भागवत चन्द्राकर व मंत्री पद के लिए दिनेश जैन को चुना गया। इस चुनाव में 21-21 कार्यकारिणी सदस्य का भी चुनाव हुआ जो कि तहसील के सभी ग्रामीण किसानों की समस्या को किसान संघ तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसान के जीवन मे संगठन का बड़ा महत्व है। अकेला किसान शक्तिहीन है उसे नाना प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उसकी तकलीफ को कोई अनुभव करने वाला नही है। उन्होने कहा कि एक मात्र भारतीय किसान संघ है जो कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर किसान को संगठित कर उसकी समस्यों को शासन प्रशासन के समक्ष रखकर हल करने का प्रयास करती रही है और हमेशा करती रहेगी। उन्होने कहा कि किसान में संगठित होने पर शक्ति आ जाती है अतः सभी किसान संघ से जुड़ऐ व संगठन का सभी क्षेत्रों में विशेष महत्व होता है। इस निर्वाचन कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष द्वारिका चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष नंदकुमार चंद्रवंशी, बलदाऊ चन्द्रवंशी, बुलाकी चंद्राकर, कुलेन्द्र पटेल, जिला प्रचार प्रमुख ओपी चंद्रवंशी, विक्रम सिंह ठाकुर सहित भारतीय किसान संघ के सभी तहसील व जिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### पुरूस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्षनुसार खिलाडियों, प्रशिक्षकों निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान करने राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किए जाने के लिए शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी के लिए अनुशंसाएँ आमंत्रित की गई है। इसके साथ-साथ नगद राशि पुरस्कार, खेल वृत्ति खेल संघो से प्रेरणा निधि के लिए भी अनुसंसाएँ आमंत्रित की गई है। पुरस्कारों के आवेदन पत्रों का प्रारूप में विज्ञापन संचालनालय के विभागीय वेबसाईट में उपलब्ध है।

### उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी प्राप्त कर सकते हैं एसटीसी

**कवर्धा।** शासकीय अद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा के नोडल एवं प्रचार्य सतेन्द्र चंद्रवंशी ने बताया कि जिले के शासकीय आईटीआई कवर्धा, बोड़ला एवं सहसपुर लोहारा के एससीव्हीटी व्यवसाय के परीक्षा सत्र फरवरी 2024 तक के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी शासकीय आईटीआई कवर्धा से अपना एसटीसी (प्रमाण-पत्र) प्राप्त कर सकते है।

### लायंस क्लब ने डॉक्टरों व सीए का किया सम्मान

**कवर्धा।** डॉक्टर्स एंड चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर 1 जुलाई को लायंस क्लब ने डॉ. व्यास नारायण चन्द्रवंशी, डॉ. अविनाश मानिकपुरी एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट आकाश नाहर को स्मृतिचिन्ह देकर एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लायंस क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

# वनभूमि में अवैध ढंग से जोताई करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई, जब्त किया गया ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



वन विभाग एवं वन सुरक्षा श्रमिकों की टीम ने वनभूमि पर अतिक्रमण कर खेती के लिए वनभूमि की जोताई करने वालों के खिलाफ कार्यवाही है। विभाग ने जोताई कार्य में प्रयुक्त ट्रैक्टर को भी जप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन मंडल अधिकारी कवर्धा के निर्देशन एवं उप वनमंडलाधिकारी सहसपुर लोहारा के मार्गदर्शन में कवर्धा वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के परिसर मोतिमपुर में बीट ऑफिसर युधिष्ठिर साहू, कन्हैया लाल यादव एवं सुरक्षा श्रमिक द्वारा गत मंलगवार की दोपहर 3.00 बजे गश्त की जा रही थी। इस दौरान पाया गया की कुछ लोगों द्वारा वनभूमि में खेती करने के उद्देश्य से ट्रैक्टर के द्वारा कक्ष क्रमांक 291 में जोताई की जा रही है। जिस पर वन विभाग की टीम ने इन लोगों को दबोच लिया। पूछताछ के बाद विभाग ने श्रीमती रामुन्दा बाई पति स्व. गोकुल यादव उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम भादुटोला एवं अन्य 2 लोगों के द्वारा वन क्षेत्र में अवैध रूप से बलात प्रवेश कर अतिक्रमण के उद्देश्य से जोताई किए जाने के आरोप में आरोपियों के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) ग एवं धारा 52 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20042/12 दिनांक 02/07/24 पंजीबद्ध कर ट्रैक्टर को जप्त कर अब राजसात की कार्यवाही की जा रही है।

# आकांक्षी संपूर्णता स्वच्छता अभियान बोड़ला से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता वाली कार्यक्रमों में शामिल आकांक्षी विकासखण्ड के तहत 01 जुलाई से 03 सितम्बर 2024 तक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का विविधत शुभारंभ 04 जुलाई को बोडला विकाखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम रेंगाखार में किया जाएगा। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आकांक्षी विकासखण्ड संपूर्णता अभियान की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कबीरधाम जिले आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहूल्य बोडला विकासखण्ड को आकांक्षी विकासखण्ड के रूप में चयन किया गया है। इस आकांक्षी विकासखण्ड के तहत यह अभियान चलाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के 20 विकाखण्ड को आकांक्षी विकासखण्ड के रूप में चयन किया गया है, जिसमें कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड भी शामिल है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के तहत चल रहे कामकाज की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि आकांक्षी विकासखण्ड के तहत विकासखण्ड में स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग और एनआरएलएम के कार्यक्रमों और योजनों के क्रियान्वयनों को विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न विभागों मे सचालित 40 योजनाओं के क्रियान्यन को भी प्राथमिकता में रखा गया है। संपूर्णता अभियान के शुभारंभ में संपूर्णता अभियान में यात्रा, मशाल, ज्योति यात्रा, उत्सव और राज्य शासन की विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाएं जाएंगे। रेंगाखार में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम की योजनाओं से लाभर्थियों से फीडबैक भी लिए जाएंगे साथ ही मेगा स्वास्थ्य शिविर व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का समय सीमा में हो क्रियान्वयन: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जन्मेजय महोबे ने जिला स्तरीय बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का समय सीमा में क्रियान्वयन करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 2030 तक सभी युवा, प्रौढ, पुरूष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान कराना है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केन्द्र प्रवर्तित योजना है जो सभी के लिए शिक्षा के लिए प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शतप्रतिशत साक्षर किए जाने का लक्ष्य है। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि जिले को 30000 असाक्षरों को 3000 स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से साक्षर बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी असाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का शीघ्र ही चिन्हाकन करके उसे उल्लास पोर्टल में दर्ज करें। इसके लिए कलेक्टर ने जिला एवं विकासखंड के सभी अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर तक एवं नगरी निकायों में वार्ड प्रभारी की भी चयन कर करें, जिनके माध्यम से यह अभियान सुचारू रूप से समय सीमा में चलाया जाना है। कलेक्टर ने जिला स्तर के सभी अधिकारियों को कहा कि हम सभी इस अभियान में स्वयंसेवी शिक्षकों की भूमिका में रहेंगे तथा जहां भी हमें असाक्षर दिखाई पड़े उनका नाम दर्ज करना है तथा उन्हें साक्षर बनाना है। कलेक्टर ने इसके लिए सभी अधिकारी कर्मचारियों को सामूहिक प्रतिज्ञा भी दिलाई। जिला परियोजना अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने बैठक के दौरान अवगत कराया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अतिरिक्त महत्वपूर्ण जीवन कौशल जिसके अंतर्गत डिजिटल, वित्तीय, कानूनी, मतदान एवं पर्यावरण आदि से संबंधित भी जानकारी प्रदान की जाएगी। उनमें व्यावसायिक कौशल का विकास भी करना है। उन्हें बुनियादी शिक्षा देने के साथ-साथ सतत शिक्षा के कार्यक्रम में बनाए रखना है। साथ ही यह भी अवगत कराया कि कलेक्टर श्री महोबे के मार्गदर्शन में विगत 17 मार्च को आयोजित परीक्षा महाअभियान में जिले ने शत प्रतिशत सफलता अर्जित की है। इस पर कलेक्टर ने आत्म समर्पित नक्सलियों को भी महापरीक्षा अभियान में शामिल कराने का उल्लेख करते हुए विभाग के कार्यों की प्रशंसा की। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, सहायक संचालक महेंद्र गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता अवधेश नंदन श्रीवास्तव सहित डाइट प्राचार्य, डीएमसी,समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड परियोजना अधिकारी खंड स्त्रोत समन्वयक लिपिक एवं उपस्थित थे।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 24 जुलाई तक

- लोगों को जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 27 जून से 24 जुलाई 2024 तक चलाया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण में मोबाइजेशन फेस (दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा) परिवार नियोजन संबंधित जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत उचित उम्र में 02 बच्चों के बीच अंतराल, प्रसव उपरांत परिवार नियोजन, परिवार नियोजन में पुरूष सहभागिता एवं एबोर्शन उपरांत परिवार नियोजन को सम्मिलत किया जाएगा। द्वितीय चरण में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 11 जुलाई से 24 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा।

परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े में परिवार नियोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लक्ष्य दम्पत्तियों को आवश्यकता अनुरूप परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा।

विश्व जनसंख्या दिवस समारोह के अवसर पर अस्थायी साधन इंजेक्टेबल गर्भनिरोधक अंतरा, आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा एवं स्थायी साधन पुरूष, महिला नसबंदी सेवाओं के लिए हितग्राहियों का पूर्व पंजीकरण किया जाएगा। समस्त शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन से संबंधित सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज द्वारा लोगों से अपील की गई है कि लक्षित हितग्राही इस पखवाड़े में परिवार कल्याण के लिए उचित साधनों का उपयोग करें एवं विशेष कर पुरूष नसबंदी में अपनी सहभागिता दें।

युवाओं को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए मंच प्रदान करना उद्देश्य

# जिले के रोवर्स रेंजर्स ने लिया नेशनल यूथ फोरम शिविर में भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नेशनल यूथ फोरम शिविर 26 से 30 जून 2024 तक सीआईपीईटी, एजुकेशनल हब, स्याहीमुड़ी, कोरबा छत्तीसगढ़ में आयोजित किया गया। इस नेशनल यूथ फोरम शिविर में कबीरधाम जिला के रोवर्स रेंजर्स शामिल हुए। यूथ फोरम का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, यह फोरम युवाओं को अपने हितों को व्यक्त करने, जो प्रतिनिधित्व की आवश्यकता होती है और संगठन में सामान्य रूप से समाहित किए जा सकने वाले सार्थक परिवर्तनों का सुझाव देने के लिए एक शक्तिशाली मंच प्रदान करता है। नेशनल यूथ फोरम में छत्तीसगढ़ सहित 9 राज्यों के 277 रोवर-रेंजर्स ने भाग लिया। जिनका स्वागत छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं लीडर ऑफ कोर्स सुश्री शिवांगी सक्सेना ( एसिस्टेंट डायरेक्टर सेंट्रल एवं वेस्टर्न रीजन) द्वारा सभी प्रतिभागियों को कैंप किट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के पुष्पराज सिंह ठाकुर (क्षेत्रीय एवं राज्य मीडिया संवाददाता) को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली की ओर से नेशनल स्टॉफ (प्लैनिंग टीम मेंबर) के रूप में आमंत्रित किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सोशल मीडिया अकाउंट्स से प्रतिभागियों को जोड़ा। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त योगदास साहू एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवशी मार्गदर्शन एवं रेंजर लीडर सोनाली चंद्रवंशी के नेतृत्व में रोवर्स-रेंजर्स शामिल हुये। जिसमे ओंकारेश्वर मेरावी के सांस्कृतिक नृत्य ने प्रतिभागियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। साथ ही समीर खान, लवलेश चंद्रवंशी, जयकुमार साहू, पंकज कुमार साहू, विंध्या ठाकुर, डालेश्वरी साहू, पल्लवी चंद्राकर, करिश्मा साहू, दिव्या पटेल एवं अन्य में बड़चढ़ कर सभी कार्यक्रमों में भाग लिया। यूथ फोरम शिविर में जिले का प्रतिनिधित्व कर सकुशल वापसी पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त योगदास साहू, सहायक संचालक महेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता, पंकज सिंह ठाकुर, रोवर लीडर विजय कुमार साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती के प्राकट्य उत्सव पर कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



गोवर्धन मठ पुरीपीठाधीश्वर निश्चलानंद सरस्वती महाराज का 82 वां प्राकट्य महोत्सव पूरे देश में राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

जिसका मुख्य आयोजन पूज्यपाद के पावन सानिध्य में जयपुर राजस्थान में किया जा रहा है। इसमें कवर्धा आदित्य वाहिनी से आशीष दुबे, जिला अध्यक्ष मारुति शरण शर्मा, अवधेश नंदन श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष सम्मिलित होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष आशीष दुबे ने बताया कि निश्चलानंद सरस्वती महाभाग का 82 वां प्राकट्य महोत्सव 4 जुलाई 2024 आषाढ़ कृष्ण त्रयोदशी को कवर्धा आदित्य वाहिनी द्वारा मजगांव स्थित वृद्धाश्रम में शाम 4:00 बजे आयोजित किया गया है।

जहां वृद्ध जनों को प्रसादी वितरण किया जाएगा साथ ही सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ, श्रीराम नाम संकीर्तन, हिंदु राष्ट्र संगोष्ठी एवं अन्य विविध कार्यक्रम भी होगा। आदित्य वाहिनी के द्वारा नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है जिला अध्यक्ष आशीष कुमार दुबे ने सर्व हिंदू समाज से आह्वान किया है कि सनातन मान बिंदुओं की रक्षा व हिंदू राष्ट्र निर्माण संकल्प पूर्ति महायज्ञ में सहभागी बनकर जीवन को धन्य बनाएं। आयोजकों ने बताया कि गोवर्धन मठ पुरीपीठाधीश्वर निश्चलानंद सरस्वती महाराज का 82 वां प्राकट्य महोत्सव को धर्म नगरी कवर्धा में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के बनाए जाने कवर्धा आदित्य वाहिनी एवं आनंद वाहिनी के सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा तैयारियां की जा रही है।